# चोरी के आरोप में जेल में बंद कैदी ने की आत्महत्या, घटना की जांच शुरू

**कांके का रहनेवाला था बंदी रहमतुल्लाह, धारदार पत्थर से रेत लिया अपना गला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद कैदी रहमतुल्लाह अंसारी ने बुधवार को आत्महत्या कर ली। जिस बंदी की मौत हुई है, वह रांची के कांके इलाके का रहने वाला था। वह चोरी के आरोप में जेल में बंद था। कैदी की मौत को लेकर जांच के आदेश दे दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही बरियातू थाना पुलिस रिम्स अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी में जुट गयी है। घटना के बाद जैसे ही जेल के सुरक्षा कर्मियों की नजर बंदी पर पड़ी, उसे रिम्स लाया गया लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना के अनुसार, रहमतुल्लाह अंसारी ने जेल परिसर में ही अचानक एक धारदार पत्थर से खुद को गंभीर रूप से जख्मी कर लिया। फिलहाल आत्महत्या की वजहों का खुलासा नहीं हो पाया है। जेल प्रशासन रहमतुल्ला अंसारी के आत्महत्या की जांच में जुटी हुई है। इस संबंध में जेल प्रशासन के द्वारा रांची के खेलगांव थाने में लिखित आवेदन भी दिया गया है। बता दें कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार में 12 घंटे के अंदर दो कैदी की मौत हो गयी। एक अन्य व्यक्ति रवि नंदन नाम के कैदी की भी मौत हो गयी।



**दो माह पूर्व भी एक बंदी ने गला काटकर किया था आत्महत्या का प्रयास :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बीते 13 जुलाई को भी एक बंदी ने खुदकुशी की कोशिश की थी। उसने खुद का रेत लिया था। ब्राउन शुगर बेचने के आरोप में जेल में बंद जवाहर लाल बानरा ने नाई के उस्तुरा से खुद का गला रेत लिया था।

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद रहमतुल्लाह अंसारी के आत्महत्या मामले में मृतक के परिजनों का आरोप है कि रहमतुल्लाह की जेल में ही गला काटकर हत्या की गई है। बुधवार को जेल प्रशासन के द्वारा गंभीर हालत में रहमतुल्लाह अंसारी को रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पूरे मामले की जांच का जिम्मा खेलगांव ओपी को दिया गया है। बंदी के आत्महत्या मामले में पुलिस जांच कर ही है।

**राजकुमार मेहता**
**एसपी सिटी**

## रांची में योजना की लांचिंग की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# झारखंड में रांची और पूर्वी सिंहभूम में 17 को पीएम विश्वकर्मा योजना होगी लांच

**मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में होगा कार्यक्रम का आयोजन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पीएम विश्वकर्मा योजना 17 सितंबर 2023 को पूरे भारत में 70 स्थानों पर लॉन्च की जाएगी। राज्य के दो जिलों रांची और पूर्वी सिंहभूम में योजना की लॉन्चिंग की जायेगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक की। बैठक में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड, जिला नजारत उप समाहर्त्ता, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, रांची, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, एनआईसी रांची, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



उपायुक्त ने बताया कि कारीगरों और श्रमिकों को प्रोत्साहन देने के लिए 17 सितंबर 2023 को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की जाएगी। योजना के तहत लाभार्थियों को रियायती ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री कारोबार विकास लोन के अलावा, ई-वाउचर या ईआरयूपीआई के माध्यम से टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में सभी को 15 हजार रुपये मिलेंगे।

मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में लॉन्चिंग कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी करने के निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि स्कीम की लॉन्चिंग के साथ ही जिले में पोर्टल की शुरूआत कर दी जायेगी। उपायुक्त ने जिले में योग्य कारीगरों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण करा योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये।

**विश्वकर्मा योजना का प्राथमिक उद्देश्य :** विश्वकर्मा योजना एक पहल है जिसका उद्देश्य पारंपरिक शिल्प कौशल में कुशल व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। इसका प्राथमिक उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और कल्याण सहायता प्रदान करना है।

**किन लोगों को मिलेगा इसका लाभ :** केंद्र सरकार की इस योजना से लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूलों का काम करने वाले, मछली का जाल बुनने वाले, ताला-चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार आदि को लाभ दिया जाएगा। साथ ही कुछ अन्य क्षेत्र के श्रमिकों को भी इसका लाभ दिया जाएगा।

**कैसे मिलेगी आर्थिक मदद :** पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पहले चरण में एक लाख रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा। इसपर ब्याज की दर ज्यादा से ज्यादा 5 फीसदी होगी। उसके बाद दूसरे चरण में योग्य कामगारों को 2-2 लाख रुपये का रियायती कर्ज दिया जाएगा। साथ ही इन कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान पत्र भी दिए जाएंगे। वहीं आधुनिक उपकरण खरीदने के लिए 15 हजार रुपये की मदद भी दी जाएगी।

**लाभ पाने के लिए शर्त :** इस योजना के तहत लाभ पाने के लिए न्यूनतम आयु 18 साल रखी गई है। परिवार के एक ही सदस्य को इस योजना का लाभ मिलेगा। आवेदन करने वालों को स्व-घोषणा पत्र भी देना होगा।

## जेल में आत्महत्या करनेवाले कैदी के आश्रितों को मिलेगा 5 लाख मुआवजा

**गृह विभाग ने जारी किया आदेश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेल में आत्महत्या करने वाले कैदी बिरेंद्र मुंडा के परिजन को पांच लाख रुपया का मुआवजा मिलेगा। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने रांची डीसी को इससे संबंधित आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि रांची जिला के लापुंग थाना क्षेत्र स्थित राईटोली निवासी बिरेंद्र मुंडा की पत्नी सुमन कुमारी को आर्थिक सहायता के रूप में पांच लाख की राशि दी जायेगी।

**नवंबर 2022 में कर ली थी आत्महत्या :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार रांची में बीते 22 नवंबर 2022 को बिरेंद्र मुंडा का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला था। बिरेंद्र को पुलिस ने हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था। इसी बीच में उसके पिता की मौत गयी। पिता के जाने के बाद से बिरेंद्र डिप्रेशन में रहने लगा था। इसकी वजह से अक्सर वो अन्य कैदियों के साथ झगड़ा होता था।

# लंबित वादों को समय से निपटायें : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय स्थित नीलाम पत्र शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने बड़े बकायेदारों की सूची उपलब्ध कराने, वादों में निर्धारित तिथि को पैरवी करने और अनापत्ति प्रमाण पत्र ससमय उपलब्ध कराने सहित कई बिंदुओं की जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी संजय प्रसाद से जानकारी ली।



उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी न्यायालय के माध्यम से देनदारों को सूचित करते रहें, सारी की सारी राशि वापस करने के लिए नोटिस जारी करें, समय सीमा के बाद भी राशि वापस नहीं की जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई करें। लंबित वादों का समयानुसार निपटारा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी सर्टिफिकेट होल्डर्स को पंजी कएवं का निर्धारित तिथि को प्रत्येक माह मिलान करें।

उपायुक्त ने जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को सर्टिफिकेट होल्डर द्वारा बकायेदारों से प्राप्त पूर्ण राशि जमा होने की सूचना समय पर न्यायालय को उपलब्ध कराने को कहा।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने फॉर्म-1 एवं 2 के साथ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने जिला नीलाम पत्र शाखा में कार्यरत कर्मियों से उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी अपने कार्य का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले मिट्टी बचाओ आंदोलन के मोहित



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को मिट्टी बचाओ आंदोलन के मोहित निरंजन एवं अन्य ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को अपने प्रयासों से अवगत कराया।

### राज्यपाल से मिलीं विभावि की प्रभारी वीसी



**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग-सह-प्रभारी कुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने राज भवन में बुधवार को राज्यपाल-सह-कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

### गवर्नर से मिले डॉ अभिजीत कर



**रांची।** आईसीएआर-एनआईएसए रांची के निदेशक डॉ अभिजीत कर ने राज भवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को भेंट की तथा संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया।

### रवि नंदन कुमार की बिरसा मुंडा जेल में मौत

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता रवि नंदन कुमार सिन्हा उर्फ रवि कुमार सिन्हा की मौत हो गई। मृतक रवि नंदन पटना के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के पटना चौबे इलाके रहने वाले थे। इस संबंध में जेल प्रशासन ने खेलगांव थाने में यूडी केस दर्ज किया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि बुधवार की सुबह जब वार्ड खुलने के बाद सभी बंदियों को जगाया जाने लगा तो इस दौरान सजायाफ्ता रवि नंदन को भी जेल कर्मियों ने जगाया तो वह अचेत अवस्था मे मिले। आनन-फानन में कारा चिकित्सकों को वार्ड में बुलाया गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने रवि नंदन को मृत घोषित कर दिया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में रवि नंदन सिन्हा के शव का रांची के रिम्स में पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

### साक्ष्य के अभाव में दो आरोपी बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी धृति धैर्या की अदालत ने बुधवार को 11 साल पुराने चुनाव में अनुचित प्रभाव डालने एवं बिहार-झारखंड संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत चार्जशीटेड दो आरोपी रंजन कुमार सिंह एवं आनंद कुमार सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अभियोजन की ओर से दो गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। दोनों गवाह घटना का समर्थन नहीं किया। मामले को लेकर नारायण सिंह ने 8 जून 2012 को कोतवाली पंडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की थी।

### ठाकुरगांव थाना के प्रभारी लाइन हाजिर

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बाप-बेटे की पिटाई के मामले में ठाकुरगांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। इस संबंध में एसपी ने आदेश जारी किया है। थाना प्रभारी पर आरोप है कि 10 सितंबर की रात 11 बजे बनापीरी निवासी किशोर बैठा (45) और किशोर का बेटा शीतल बैठा (17) को बुलाकर उनके साथ मारपीट की थी। इससे आक्रोशित बनापीरी के ग्रामीणों ने 11 सितंबर की सुबह थाना का घेराव किया और थाना प्रभारी को हटाने की मांग करने लगे थे।

### झारखंड में अबतक मिले डेंगू के 914 मरीज

**243 में चिकनगुनिया की पुष्टि**

**रांची।** झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया कहर बरपा रहा है। राज्य भर में अब तक डेंगू के 914 जबकि चिकनगुनिया के 243 मरीज मिले हैं। पूर्वी सिंहभूम में डेंगू के 534 जबकि चिकनगुनिया के 63 मरीज मिले हैं। वहीं बुधवार को राज्य भर में डेंगू के 183 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी ने अपने जांच के लिए सैंपल्स दिये। इनमें 18 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई हैं। पूर्वी सिंहभूम में डेंगू के 68 संदिग्ध मरीज ने अपना सैंपल दिया। इनमें 5 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं, हजारीबाग में 27 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी ने एनएस-1 एंटीजन एलाइसा टेस्ट कराया है। सभी में डेंगू की पुष्टि हुई है।

### इंद्रा कुमारी बनीं पशु सुरक्षा की झारखंड-बिहार की नेशनल कोऑर्डिनेटर



**रांची।** इंद्रा कुमारी पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम के लिए बनी संस्था पशु क्रूरता रोकथाम संगठन की झारखंड-बिहार नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनायी गयी हैं। मनोनयन के बाद उन्होंने कहा कि देशभर में आजकल पशुओं के प्रति लोगों में क्रूरता का भाव रहा है। संस्था ने जिस उम्मीद के साथ मुझे यह जिम्मेवारी सौंपी है, उसपर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगी। संस्था के सचिव मनीष कुमार ने राष्ट्रीय संयोजक पद हेतु शुभकामनाएं दी और कहा कि संगठन को बढ़ाने और संचालन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

# विस्टाडोम कोच से सुसज्जित रांची-गिरिडीह इंटरसिटी एक्स. हुआ रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से विस्टाडोम कोच से सुसज्जित रांची-गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस को बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान लोकसभा के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और रांची के विधायक सीपी सिंह, मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार मौजूद रहे।



**प्राकृतिक सौंदर्य का भी आनंद ले सकेंगे यात्री :** सांसद सेठ ने कहा कि झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य को देखते हुए मैंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह किया था कि विस्टाडोम कोच यहां की ट्रेनों में लगाई जाएद्ध मुझे सुखद आनंद मिला कि इस ट्रेन में विस्टाडोम कोच लगाई गई है। इसके यात्री झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य का भी आनंद ले सकेंगे। मेरा प्रयास है कि झारखंड के प्राकृतिक आवरण वाले क्षेत्र से गुजरने वाली ट्रेनों में भी विस्टाडोम कोच लग सके, ताकि पर्यटन की दृष्टि से भी झारखंड आने वाले लोग यहां के सौंदर्य का अवलोकन कर सकें।

# खेलगांव में आज रन फॉर विजन-2023 का होगा आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कश्यप मेमोरियल आई बैंक और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब के तत्वावधान में गुरुवार को रन फॉर विजन- 2023 का आयोजन किया जा रहा है। खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में सुबह साढ़े सात बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और रांची के सांसद संजय सेठ के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अरूण कुमार सिंह होंगे।



रन फॉर विजन में विभिन्न स्कूलों के बच्चे नेत्रदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए दौड़ेंगे। पिछले दिनों कश्यप मेमोरियल आई बैंक के द्वारा विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं करायी गयी थीं, जिनके विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही नेत्रदान करने वालों के परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## चैंबर चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी, कुल 57 उम्मीदवार मैदान में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-24 की कार्यकारिणी समिति क्षेत्र उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो गई। अबतक कुल 57 नामांकन प्राप्त हुए जिसमें से 49 नामांकन कार्यकारिणी समिति के लिए और 8 नामांकन क्षेत्र उपाध्यक्ष के लिए भरे गए उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटी शाम 4:00 बजे के बाद चुनाव पदअधिकारी ने सूची जारी कर दी। कार्यकारिणी समिति के लिए प्राप्त दो नामांकन जसविंदर सिंह और सुमन शर्मा के आवेदन अधूरे होने के कारण दोनों आवेदनों को रद्द कर दिया गया। साउथ छोटा नागपुर और नॉर्थ छोटा नागपुर प्रमंडल में दो नामांकन प्राप्त होने की स्थिति में चुनाव होगा। शेष चार प्रमंडल को में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्विरोध चयनित होंगे। चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया और पवन शर्मा ने बताया कि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि आज शाम 4:00 बजे तक निर्धारित है।

## संत जेवियर्स कॉलेज में नये विद्यार्थियों का स्वागत कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज, रांची ने नए छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत सह दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम को सुचारू से चलने के लिए नए विद्यार्थियों को विभाग के आधार पर पांच सत्र में बांटा गया था। कॉलेज मैनेजमेंट टीम एवं सभी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक की उपस्थिति ने नए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कॉलेज के रेक्टर डॉ. फा. अलेक्सियस एक्का ने विद्यार्थियों को जेसुइट एजुकेशन के इतिहास एवं विरासत के बारे में बताया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फा. नबोर लकड़ा ने छात्रों को कॉलेज के मिशन और विजन के बारे में अवगत कराया। विद्यार्थियों को नयी शिक्षा प्रणाली 20 के बारे एवं कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार रूप से बताया गया। विभाग के प्रमुखों ने विभाग ने विभाग एवं शैक्षणिक आवश्यकता तथा चुनौतियों के बारे में विद्यार्थियों के सम्मुख अपनी बातों को रखा।



मौके पर कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. फा. रोबर्ट प्रदीप कुजूर, डॉ. फा. अजय मिंज, प्रो. बीके सिन्हा समेत विभिन्न विभागों के प्राध्यापक एवं नए सत्र के विद्यार्थी थे।

## कल दोपहर12.30 से ऑनलाइन मोड में प्री-बीड मीटिंग का आयोजन

# रांची स्मार्ट सिटी में निवेशकों के लिए सुनहरा मौका, फिर शुरु हुई ई-ऑक्शन की प्रक्रिया

**चौथे चरण की ई-ऑक्शन प्रक्रिया में कॉमर्शियल, संस्थागत, मिक्स यूज, पब्लिक-सेमी पब्लिक के 36 बड़े प्लॉट्स उपलब्ध**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धुर्वा क्षेत्र में विकसित हो रहे रांची स्मार्ट सिटी में जो निवेशक अबतक नहीं जुड़ पाए हैं, उनके लिए स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन नें एकबार फिर से मौका दिया है। कॉरपोरेशन की ओर से चौथे चरण की ई-ऑक्शन प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। एक सितंबर से शुरू हुई इस ई-ऑक्शन प्रक्रिया निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर को निश्चित है। उसके बाद संभावित निवेशकों के कागजात जांच किए जाएंगे, तत्पश्चात ई-ऑक्शन की तिथि निर्धारित की जाएगी। ऑक्शन के लिए निबंधन शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि रांची स्मार्ट सिटी में जानकारी के लिए पहुंच रहे हैं। हालांकि ई-ऑक्शन से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां रांची स्मार्ट सिटी के ऑफिसियल वेबसाइट पर उपलब्ध है।

इधर रांची स्मार्ट सिटी की ओर से ऑफिसियल जानकारी दी गयी है कि 15 सितंबर 2023 शुक्रवार की दोपहर 12:30 बजे से इस ई ऑक्शन से जुड़ी प्री बीड मीटिंग है जो वर्चुअल मोड में होगी। इसके लिए कॉरपोरेशन ने एक लिंक भी जारी किया है। इस लिंक के माध्यम से कोई भी संस्था या संस्थान से जुड़ा व्यक्ति इस प्री-बीड मीटिंग में ऑनलाइन शामिल हो सकता है।

मालूम हो कि रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन की ओर से तीन चरणों में ई-ऑक्शन का आयोजन हो चुका है, जिसमें अब तक 11 बड़े प्लॉट का ऑक्शन हुआ है। चौथे चरण में 36 प्लॉट को ऑक्शन के लिए रखा गया है। इस बार के ऑप्शन में रांची स्मार्ट सिटी की ओर से कमर्शियल, मिक्स यूज, पब्लिक सेमी पब्लिक, इंस्टीट्यूशनल, होटल, हॉस्पिटल इत्यादि क्षेत्र में कम कर रहे कंपनियों से आग्रह किया गया है कि वह इस सुनहरे मौका का लाभ उठाएं और रांची के व्यवस्थित विकास में अपना योगदान दें। वहीं प्री-बीड मीटिंग में ऑनलाइन जुड़ने का भी आग्रह किया गया है। इसके लिए एक लिंक भी जारी किया गया है।

# आज से बारिश का अनुमान तापमान में आयेगी गिरावट

**दक्षिण पश्चिम और मध्य भाग में भारी बारिश की संभावना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र ने 14 सितंबर से राज्य भर में फिर से बारिश होने का अनुमान जताया है। बारिश होने से तापमान में गिरावट आयेगी। आज राज्य के दक्षिण पश्चिम और मध्य भाग में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, अन्य हिस्सों में बादल छाये रहने के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार 16 से 18 सितंबर तक रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां जिला में बारिश होगी। बता दें कि बीते मंगलवार को लोहरदगा में 6 एमएम बारिश हुई, जबकि रांची में महज एक एमएम बारिश रिकॉर्ड किया गया। इसके साथ ही पश्चिम सिंहभूम और पूर्वी सिहंभूम समेत अन्य हिस्सों में भी बारिश हुई।

**तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट :** विभाग की मानें तो 13 सितंबर के बाद तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। विभाग के अनुसार अभी राज्य का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस है जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस है। गौरतलब है कि अभी कुछ दिनों से बारिश रूकी हुई है जिससे गर्मी और उमस बढ़ गयी है। वहीं, बीते मंगलवार की शाम कुछ जिलों में बारिश हुई लेकिन इससे तापमान में विशेष असर नहीं पड़ा।

# जैव ईंधन से प्रदूषण पर नियंत्रण संभव : निर्भीक बनर्जी

## आरडीसीआइएस सेल में राष्ट्रीय सेमिनार बायोस 2023 का आयोजन कल से


पत्रकारों को जानकारी देते आरएंडडी सेल के प्रभारी कार्यपाल निदेशक निर्भीक बनर्जी व अन्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आरएंडडी सेल के प्रभारी कार्यपाल निदेशक निर्भीक बनर्जी ने कहा है कि जैव ईंधन से पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण संभव है। श्री बनर्जी बुधवार को इस्पात भवन में पत्रकारों से मुखातिब थे।

उन्होंने कहा कि सेल के अनुसंधान एवं विकास केंद्र, इस्पात भवन में एक राष्ट्रीय सेमिनार बायोस 2023, जो कि आरडीसीआइएस के प्रेक्षागृह में सितंबर 15-16 को आयोजित होनी है। उन्होंने कहा कि इस सेमिनार का मार्गदर्शन इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार कर रही है। इसमें महत्वपूर्ण योगदान आरएंडडी सेल, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, गढ़खटंगा, आयल इंडिया लिमिटड, भारतीय मानक ब्यूरो, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी तथा जेराडा, टेक्नोलॉजी नॉलेज सोसाइटी के साथ मिलकर कर रही है। इसका उदघाटन इस्पात सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा 15 सितम्बर को 11 बजे सुबह करेंगे। इसमें सेल एवं आयोजक संस्थाओं से शीर्षस्थ अधिकारी भाग लेंगे। तकनीकी सत्रों में भारत के दिग्गज वैज्ञानिक एवं पयार्वविद शिरकत करेंगे। जिसमे सेल, ईसीऐआर, आईआईटी, आईआईएम, जेएनयू, कृषि से जुड़े संस्थान, जैव ईंधन के उत्पादक, इनके उपभोक्ता प्रमुख हैं।

सुदीप कर ने बतलाया कि इस्पात संयंत्र वातावरण में कुल ग्रीन हाउस गैसेस के 9 प्रतिशत भागीदार हैं, जो बहुत ही अधिक है। विश्व में पेरिस समझौते तथा कॉप 26 के दवाब को मद्दे नार रखते हुये भारत ने साल 2070 में शून्य कार्बोन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। जिस तक पहुंचने के लिये जैव ईंधन अपरिहार्य है। जैव ईंधन से कार्बन उत्सर्जन बहुत ही कम होता है। इसे इस्पात संयंत्रों के धमन भट्‌टी झोंक के साथ आंशिक रूप से डाला जा सकता है। जिससे धमन भट्‌टी की बनावट इत्यादि में कोइ संशोधन की जरुरत नहीं होगी। और न ही कोई अतिरिक्त लागत व्यय होगी। इसके अतिरिक्त फर्नेस में आयल की जगह भी जैव ईंधन इस्तेमाल हो सकता हैं।

डॉ सुजोय रक्षित ने बतलाया कि किस प्रकार चावल का पराली जिससे पर्यावरण प्रदूषित होता है, उसे हम सही तकनीक द्वारा जैव ईंधन में परिणत कर सकते है। लेकिन, इस सफर में कई कठिन चुनौतियां हैं। जिनका मुकाबला देश के सभी वैज्ञानिकों को मिलकर करना होगा। इन चुनौतियों में सर्वप्रथम जैव ईंधन के उष्मीय क्षमता को लगभग दुगुनी करना, इसमें विविधता का मानकीकरण करनाए इसके घनत्व को बढ़ाना, इसे संग्रह एवं स्थानान्तरण की व्यवस्था करना इत्यादि हैं। अभी भारत सरकार इसका प्रसंस्करण किसानों के खेतों के निकट ही करने का मंसूबा बना रही है। जिसे स्थानीय रोजगार में अभिवृद्धि हो तथा स्थानांतरण का खर्च भी कम लगे। जी-20 में ग्लोबल जैन ईंधन अलायन्स बनने से इस सेमिनार का महत्व और बढ़ गया है। इस सेमीनार के आयोजकों को राष्ट्रीय मानचित्र के प्रमुख हितधारक के रूप में निरंतर प्रयासरत रहना होगा। उज्ज्वल भास्कर ने स्वागत भाषण दिया।

## डीएसपीएमयू में पहले सेमेस्टर की परीक्षा के रिजल्ट में भी देरी

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर सेशन 2022-24 के पहले सेमेस्टर की परीक्षा विलंब से ली गयी थी। अब रिजल्ट में भी देर की जा रही है। इससे विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्नातकोत्तर सेशन 2022-24 के पहले सेमेस्टर की परीक्षा मई में ली गई थी। चार महीने बीत जाने के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। दूसरी ओर कई विभागों में दूसरे सेमेस्टर की इंटरनल परीक्षा भी ली जा रही है। नियम के अनुसार पहले सेमेस्टर की परीक्षा दिसंबर में होनी चाहिए थी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने पूछे जाने पर कहा कि विभागों से अंक नहीं भेजा गया। इस कारण रिजल्ट जारी नहीं किया जा सका है। सभी विभागों से अंक मंगवाया गया है। अंक आते ही रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

## सामाजिक समस्याओं के निराकरण को कैंप एक कारगर प्रयास : दूबे



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की सात दिवसीय स्पेशल कैंप के चौथे दिन प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, एनएसएस राष्ट्रपति अवार्डी सह पासवा प्रदेश महासचिव फलक फातिमा एवं मारवाड़ी कॉलेज के प्रोग्रामिंग आफिसर जयप्रकाश रजक शामिल हुए। 16 सितंबर तक मधुकम तालाब पर स्पेशल कैंप लगाकर पठन पाठन के साथ साथ छात्र छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से प्रेरणा दी जा रही है। मारवाड़ी कॉलेज के छात्र छात्राओं ने एनएसएस शिविर में पासवा अध्यक्ष का सांस्कृतिक तरीके से स्वागत किया एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। स्पेशल कैंप में एनएसएस बच्चों एवं स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए पासवा अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक समस्याओं को चिन्हित कर उनके निराकरण के लिए कैंप एक कारगर प्रयास है। आलोक दूबे ने नशामुक्ति, सड़क दुर्घटना, वृक्षारोपण, प्राकृतिक संपदा की सुरक्षा, स्वच्छता को लेकर व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है, जिसे आज की युवा पीढ़ी को क्रियान्वित करना चाहिए। उन्होंने कहा समाज के अंदर अमीरी और गरीबी के बीच की खाई को समाप्त करने में भी हमारा महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

## सीयूजे में पीएचडी प्रवेश परीक्षा का सिलेबस जारी

**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के 22 विभागों की 149 सीटों पर पीएचडी प्रोग्राम में नामांकन के लिए सीयूजेआरईटी-2023 आयोजित की जायेगी। पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी की ओर से सिलेबस जारी कर दिया गया है। इच्छुक उम्मीदवार यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर सिलेबस डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं आवेदन देने की अंतिम तिथि 20 सितंबर है। सीयूजेआरईटी में आवेदन करने के लिए आयु सीमा नहीं है। पीएचडी प्रोग्राम में नामांकन के लिए अभ्यार्थियों के पास मास्टर डिग्री होना चाहिये। परीक्षा में रिसर्च मैथडोलॉजी और संबंधित विषय से कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा की अवधि 3 घंटे होगी। भाषा का पेपर छोड़कर सीयूजेआरईटी-2023 परीक्षा अंग्रेजी भाषा में होगी। सीयूजे की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन पेज क्लिक कर डिटेल्स भरें। रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद लॉग इन करें और फॉर्म भरें। डॉक्यूमेंट्स अपलोड और आवेदन शुल्क जमा करें। इसके बाद फॉर्म सब्मिट करें और कन्फर्मेशन पेज डाउनलोड कर लें।

# डीएसपीएमयू के यूनिवर्सिटी एक्ट में संशोधन प्रस्ताव पर सिंडिकेट की मुहर

## कुलपति टीके शांडिल्य की अध्यक्षता में हुई सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल की बैठक

### विवि अधिकारियों और शिक्षक नियुक्ति का नया नियम स्वीकृत


बैठक में शामिल डीएसपीएमयू के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य और अन्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) में बुधवार को वीसी प्रो तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल की बैठक हुई। इस दौरान सिंडिकेट की 16वीं बैठक में विश्वविद्यालय अधिकारियों और शिक्षकों की यूनिनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) के रेगुलेशन के अनुसार नियुक्ति के नए नियम को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। सदस्यों ने चर्चा के बाद नियुक्ति नियम पर मुहर लगा दिया।

बताते चलें कि नियुक्ति नियम का ड्राफ्ट उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा सिंडिकेट के पास कराने के लिए भेजा गया था। नए नियम के अनुसार असिस्टेंट प्रोफेसर के पर नियुक्ति के लिए न्यूनतम अर्हता नेट या जेट होगा।

इससे पहले वीसी की अध्यक्षता वाली एकेडमिक काउंसिल की बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) -2020 के अनुसार स्नातक स्तरीय रेगुलर और वोकेशनल कोर्सों के सिलेबस को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इसके अलावा नए कोर्सों को शुरू करने से संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मुहर लगा दी गई। पीआरओ प्रो. राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में वीसी के अलावा मुख्य रूप से डॉ. कुनुल कांदिर, डीएसडब्ल्यू डॉ. एसएम अब्बास, रजिस्ट्रार डॉ. नमिता सिंह, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सर्वोत्तम कुमार, डॉ. रेखा झा समेत अन्य थे।

**भौतिकी में 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स :** डीएसपीएमयू में अगले सेशन से भौतिकी विषय में 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स की पढ़ाई शुरू करने से संबंधित प्रस्ताव एकेडमिक काउंसिल में रखा गया। इस प्रस्ताव को सदस्यों ने चर्चा के बाद सहमति प्रदान कर दी। बताते चलें कि इस कोर्स का संचालन सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत संचालित किया जाएगा।

**असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकेंगे एचओडी :** सिंडिकेट ने एक्ट में संशोधन के प्रस्ताव को सहमति प्रदान कर दी है। अब आगे की कार्यवाही के उच्च शिक्षा विभाग भेजा जाएगा। सरकार से सहमति मिलने के बाद बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी असिस्टेंट प्रोफेसर भी विभागाध्यक्ष बन सकेंगे। इसके लिए संबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर के पास पांच साल का टीचिंग एक्सपीरियंस और पीएचडी की डिग्री का होना जरुरी है। इतना ही एचओडी का कार्यकाल दो की जगह तीन साल हो जाएगा।

**सलेक्शन कमेटी में ये होंगे सदस्य :** डीएसपीएमयू प्रशासन ने विवि शिक्षकों को प्रोमोशन के सलेक्शन कमेटी के प्रारुप को सिंडिकेट ने सहमति दे दी है। सलेक्शन कमेटी के चेयरमैन वीसी होंगे। वहीं सदस्यों में चांसलर द्वारा नामित प्रोफेसर रैंक का एक शिक्षक, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रोफेसर रैंक का एक शिक्षक होंगे। इसके अलावा संबंधित विषय के तीन एक्सपर्ट प्रोफेसर रैंक के होंगे, जिसका चयन वीसी करेंगे। अब इसे आगे की कार्यवाही के लिए शिक्षा विभगा भेजा जाएगा।

### रेगुलर वोकेशनल कोर्सों के सिलेबस को एकेडमिक काउंसिल में मिली स्वीकृति

**स्क्रिनिंग कमेटी में ये होंगे सदस्य :** विवि शिक्षकों के प्रमोशन प्रस्ताव की स्क्रिनिंग के लिए स्क्रिनिंग कमेटी के प्रारुप पर सिंडिकेट सदस्यों ने मुहर लगा दिया है। स्क्रिनिंग कमेटी के चेयरमैन वीसी होंगे। सदस्यों में संबंधित विषय के डीन, संबंधित विभाग के एचओडी होंगे। इसके अलावा दो सदस्य संबंधित विषय के विशेषज्ञ के रुप में शामिल होंगे। अब इस प्रास्ताव को भी आगे की कार्यवाही के लिए उच्च शिक्षा विभाग भेजा जाएगा।

## खबर एक नजर में


श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर निवारणपुर में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर छठी महोत्सव का आयोजन किया गया। श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण ने बताया कि छठी महोत्सव में अयोध्या से पधारे लाल साहब दरबार के महंत रामनरेश शरण भी उपस्थित थे।

### डीएवी आलोक में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



रांची। पुदांग स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छह से बारहवीं तक के छात्रों ने लगभग 200 मॉडलों के साथ अपनी सृजनशीलता और कल्पनाओं की कलात्मक प्रस्तुति विज्ञान प्रदर्शनी में दी। इस प्रदर्शनी में लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया। इसमें हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी भाषाओं के साथ भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, समाजिक विज्ञान, गणित कंप्युटर, अर्थशास्त्र एव शारीरिक शिक्षा के मॉडलों ने अभिवावको को प्रभावित किया।

### जेएसएससी ने 484 आवेदकों को दिया फिर से भाषा चुनने का विकल्प

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड सामान्य स्नातक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के आवेदकों को एक और मौका दियाहै। इसे लेकर आयोग की ओर से एक सूचना जारी की गयी है। सूचना में आयोग ने कहा है कि झारखंड सामान्य स्नातक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के अंदर तकनीकी कारणों से पत्र दो चिन्हित जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा का विकल्प प्राप्त नहीं होने के कारण आवेदकों का आवेदन पत्र अपूर्ण है। संबंधित अभ्यर्थियों का आवेदन रजिस्ट्रेशन संख्या भी जारी किया गया है। इस सूचना के अनुसार ऐसे कुल 484 छात्र हैं, जिनके आवेदनों में तकनीकी खामियां हैं। ऐसे आवेदकों को 14 सितंबर से 19 सितंबर 2023 तक फिर से भाषा चयन करने का विकल्प दिया गया है।

### पेरवाघाघ में डूबे युवक का शव चाईबासा में बरामद

**रांची।** खूंटी जिले के पेरवाघाघ जलप्रपात में बीते 9 सितंबर को डूबे रांची के युवक सौरभ सिंह का शव चाईबासा से बरामद हुआ। सौरभ सिंह का शव जिले के बंदगांव प्रखंड अंतर्गत कोमरोडा गांव के पास नदी के किनारे से बरामद किया गया, शव पूरी तरह सड़-गल गया है।

### खेलो झारखंड में एलइबीबी उच्च विद्यालय के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**रांची।** एलईबीबी उच्च विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा खेलो झारखंड के आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इसमें अंडर-14 वर्ग में लंबी कूद में रोहन उरांव प्रथम, ऊची कूद में सुमेर मुंडा प्रथम, 100 मीटर रेस में मो फरहान द्वितीय, 100 मीटर रेस में सुष्मिता कुमारी द्वितीय, खो- खो बालक की टीम द्वितीय स्थान मिला। अंडर-17 कबड्डी बालक की टीम सेमीफाइनल तक क्वालीफाई किया।

### सहोदय अपने सभी स्कूलों में साइबर क्लब शुरू करेगा

**रांची।** डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स,अपने सभी स्कूलों में साइबर क्लब की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने बच्चों को साइबर बुलइंग व फ्रॉड से बचाने के लिए ट्रेन दिया जाएगा। इस क्लब को मार्गदर्शन डॉ राजेश पिल्लई प्राचार्य कैराली स्कूल देंगे। साथ ही विद्यार्थिओं की मदद के लिए एक काउंसलिंग हेल्पलाइन की शुरुआत की जाएगी।

### आबादी के आधार पर आरक्षण मिले : मुफ्ती अब्दुल्लाह

**रांची।** मुस्लिम, इसाई एवं दलितों पर धर्म आधारित पक्षपात को खत्म किया जाए। ये बातें बुधवार को पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम एवं ईसाई पसमांदा पिछड़ों को उनके आबादी के आधार पर आरक्षण दिया जाए। रंगनाथ मिश्रा और सच्चर कमेटी की सिफारिश को लागू किया जाए।

### नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण

**रांची।** सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली कस्तूरबा गांधी +2 आवासीय विद्यालय की शिक्षिकाओं वीना बरनवाल एवं अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार, झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल एवं झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### एचइसी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों को नहीं मिला प्रवेश

**रांची।** एचईसी मुख्यालय में बुधवार को मीडियाकर्मियों को प्रवेश नहीं मिला। हालांकि इस संबंध में प्रबंधन की ओर से न तो कोई लिखित और न ही मौखिक घोषणा की गई है। गौरतलब है कि बुधवार को कुछ मीडियाकर्मियों ने एचईसी की वर्तमान स्थिति से अवगत होने के लिए प्रबंधन की ओर से अधिकृत अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन, उन्हें मुख्यालय के गेट पर तैनात सीआइएसएफ के सुरक्षाकर्मी द्वारा रोक दिया गया।

### समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष बने शाहरुख हसन रिजवी

**रांची।** समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो बी पांडे ने प्रदेश अध्यक्षों की सूची बुधवार को जारी कर दी । झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शाहरुख हसन रिजवी को मनोनित किया गया है। समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर झारखंड प्रदेश समाजवादी पाटी के नेताओं ने बधाई दी है।

### संत जेवियर्स कॉलेज में नये छात्रों का हुआ स्वागत

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज, में बुधवार को नए छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने के लिए नए विद्यार्थियों को विभाग के आधार पर पांच सत्र में बांटा गया था। मौके पर कॉलेज के रेक्टर डॉ. फा. अलेक्सियस एक्का ने विद्यार्थियों को जेसुइट एजुकेशन के इतिहास एवं विरासत के बारे में बताया साथ ही कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फा. नबोर लकड़ा ने छात्रों को कॉलेज के मिशन व विजन के बारे में अवगत कराया।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन

**रांची।** 16वां राज्यस्तरीय सिनीयर महिला पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन बोकारो में 14 से 16 सितंबर को होगा। रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा बुधवार को महिला एवं पुरुष बॉक्सरों का चयन शिविर बॉक्सिंग हाल खेल गांव में हुआ। इसमें मान्यता प्राप्त बॉक्सिंग क्लबों के बॉक्सरों ने हिस्सा लिया जिसमें 9 पुरुष एवं 4 महिला बक्सरों का चयन किया गया। टीम के साथ दो पुरुष टीम मैनेजर एवं दो कोच प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जाएंगे।

## रांची और हटिया से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों के रूट में बदलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची और हटिया से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल में चल रहे विकास कार्यो के चलते ब्लॉक लिया जायेगा। जिसके कारण कुछ ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। ट्रेन संख्या 13351 धनबाद -अल्लपुझा एक्सप्रेस की यात्रा 12, 13, 15 और 16 सितंबर को अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलूरु, विजयवाड़ा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का ताडेपल्लीगुडेम तथा एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

**ट्रेन संख्या 12835** हटिया- सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस की यात्रा 12 सितंबर को अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलूरु, विजयवाड़ा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

**ट्रेन संख्या 18637** हटिया- सर एम विश्वईश्वरैया, बेंगलुरु एक्सप्रेस 16 सितंबर को अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलूरु, विजयवाड़ा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

### महाराजा अग्रसेन जंयती 15 अक्टूबर को, ब्राउजर का हुआ विमोचन

रांची। अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वां वार्षिकोत्सव 15 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को वृहत स्तर पर सुचारू रूप से सफल बनाने हेतु अग्रसेन जयंती महोत्सव के ब्राउजर का विमोचन बुधवार को अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ किया। इस ब्राउजर में अग्रसेन जयंती महोत्सव की पूरे कार्यक्रमों का संपूर्ण विवरण दिया गया है।

### टाइटेनियम महिंद्रा में महिंद्रा के सभी मॉडल उपलब्ध

रांची। ओरमांझी एवं रातू रोड के कमड़े आश्रम स्थित टाइटेनियम महिंद्रा में महिंद्रा के सभी मॉडल उपलब्ध हैं। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर इनकी बुकिंग शुरू हो गयी है। टाइटेनियम महिंद्रा के प्रबंधक ने बताया कि में बोलेरो, स्कार्पियो, थार, एक्सयूवी 300, एक्सयूवी 700 बोलेरो नियो आदि सभी के पेट्रोल और डीजल वैरिएंट उपलब्ध हैं। महिंद्रा बोलेरो में 1498 सीसी का डीजल इंजन का वेरिएंट उपलब्ध है। यह 16 केएमपीएल (किलोमीटर प्रति लीटर) का बहतरीन माइलेज देता है। यह 7 सीटर वाहन है। इसकी शुरुआती कीमत 9 .78 लाख रुपये (एक्स शोरूम प्राइस) है। महिंद्रा थार का डीजल इंजन 2184 सीसी, जबकि इसका पेट्रोल इंजन 1997 सीसी का है। यह ऑटोमैटिक और मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध है। वैरिएंट और फ्यूल टाइप के आधार पर थार का माइलेज 15 किमी/ लीटर है।

## शंख और अजय ने मैच जीत बटोरे पूरे अंक

### मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 : पहला दिन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में बुधवार से मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता के पहले मैच में शंख ने एकतरफा मुकाबले में भैरवी को 2-0 से हराकर विजयी शुरूआत की वहीं दूसरे मुकाबले में 58 वर्षीय युवा प्रमोद कुमार के गोल की बदौलत अजय ने गंगा को 1-0 से हराकर पूरे अंक बटोरे।

पहले मुकाबले में शंख ने काफी आक्रामक शुरूआत की और मैच के तीसरे मिनट में ही रिजवान आरिफ ने शानदार मैदानी गोल दाग टीम को बढ़त दिलायी। 9वें मिनट में ही प्लेयर ऑफ द मैच रणजीत ने एक गोल दाग टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मध्यांतर तक यही स्कोर रहा। मध्यांतर के बाद भी शंख की ओर से एक के बाद एक आक्रमण होते रहे लेकिन



भैरवी के डिफेंस और गोलकीपर के शानदार प्रदर्शन के कारण स्कोर बढ़ नहीं पाया।

दूसरे मैच में अजय की टीम ने पहले हाफ में आक्रामक खेल दिखाया लेकिन कई आसान मौके गंवाने के कारण मध्यांतर तक मुकाबला गोलरहीत बराबरी पर छूटा। मध्यांतर के तुरंत बाद प्रमोद सिंह ने शानदार मैदानी गोल दाग अजय को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद भी अजय के खिलाड़ियों को गोल करने के कई अवसर मिले लेकिन गंगा के गोलकीपर प्रिंस के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोई और गोल नहीं हो पाया। मैच 1-0 के स्कोर पर ही समाप्त हुआ।

इससे पहले झारखंड खेल प्राधिकरण (रअखल्अ) की कार्यकारी निदेशक क्ष्दर सरोजनी लकड़ा, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक कार्मिक एच एन मिश्रा और फीफा रेफरी ओमप्रकाश ठाकुर ने सभी छह टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और किक लगाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

**गुरुवार के मैच**

**सुबह 8 बजे से** : टीम अजय बनाम टीम मयूराक्षी

**सुबह 9 बजे से** : टीम शंख बनाम टीम दामोदर।

# अनुभव और नवोन्मेषी विचार को साथ मिलाकर मिलेगी आर्थिक संकट से निपटने में मदद : डॉ सिमी मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची की एकेडमिक डायरेक्टर और आइएमपीआरआइ (इम्पैक्ट एंड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट) की सीइओ और एडिटोरियल डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने ग्रैंड हयात, गुड़गांव में 'महिलाओं के आर्थिक विकास में निवेश' विषय पर इक्वलिटी बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित किया। जी-20 की यह बैठक 8 सितंबर 2023 को हुई थी। उन्होंने कहा कि अनुभव और नवोन्मेषी विचार को साथ मिलाकर काम किया जाये, तो वर्तमान समय के आर्थिक संकटों से निपटने में मदद मिल सकती है।

इक्वलिटी बैठक में असाधारण व्यक्तित्व प्रतिभा के धनी लोगों ने भाग लिया था। इसमें पूर्णिमा शेनॉय (फिक्की देश के प्रतिनिधि), अमेरिका की प्रतिनिधि स्मिता सुचडेग्रुएटर (संस्थापक), हेमलता नीति जैन (सह-संस्थापक क्वीन नेटवर्क एलएलपी), मीरा शेनॉय (संस्थापक और सीइओ यूथ4जॉब्स), मानसी काबरा (एसोसिएट डायरेक्टर मार्केटिंग एंड ट्रांसफॉर्मेशन गुड बिजनेस लैब) और ग्लोरिया जोनाथन (प्रमुख एमइएल बिंदी इंटरनेशनल) आदि शामिल हुए थे।

सत्र मुख्य रूप से वित्तीय साक्षरता के संदर्भ में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और छिपी




हुई क्षमता को उभारने पर केंद्रित था, जिससे उन्हें वैश्विक अर्थव्यवस्था को बदलने का अधिकार प्राप्त हुआ। दुनिया भर में केवल 30 प्रतिशत महिलाओं को ही वित्तीय रूप से साक्षर माना जाता है। महिलाओं को वित्तीय रूप से साक्षर करना जरूरी है, ताकि वे स्वतंत्र व आर्थिक रूप से स्थिर हो सकें। इसके बाद ही वे सारी पुरानी रूढ़िगत मान्यताओं को तोड़ सकने में सक्षम होंगी।

डॉ सिमी मेहता की यात्रा अटूट समर्पण और प्रतिभा का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास किया है और आज उनकी प्रतिबद्धता एवं विशेषज्ञता को वैश्विक मंच पर मान्यता मिल रही है। उन्होनें चर्चा में पीढ़ीगत निवेश के बारे में बात की और इसे कार्य और जीवन में सामूहिकता और व्यक्तिवाद की भावना के साथ कैसे संभाला जा सकता है, इस पर विशेष प्रकाश डाला। युवा पीढ़ी और विशेषकर लड़कियों एवं महिलाओं को अच्छी शिक्षा वित्तीय असमानता की खाई को पाटने में मदद कर सकती है। उन्होंने यह भी अभिव्यक्त किया कि पुरानी पीढ़ियों की विशेषज्ञता और अनुभव को युवा पीढ़ी के नवोन्मेषी विचारों के साथ मिलाकर सूक्ष्म और वृहद दोनों स्तरों पर वर्तमान समय के आर्थिक संकटों से निपटने में मदद मिल सकती है।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधन ने कहा कि डॉ सिमी मेहता ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मंच पर कदम रखकर समानता, समावेशिता और परिवर्तनकारी शक्ति का संदेश फैलाते हुए झारखंड और पूरे शैक्षिक समुदाय का प्रतिनिधित्व किया। इनके द्वारा किया गया यह अविस्मरणीय कार्य पूरे विद्यालय परिवार और ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के लिए गर्व की बात है।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के मुरतो गांव में बुधवार को जन भावना फाउन्डेशन के बैनर तले स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फाउन्डेशन के राजेंद्र लोहरा ने बताया कि जन भावना फाउन्डेशन का उद्देश्य है कि गांव गांव विकास किया जाएगा साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह, हेल्थ केयर के बारे में फायदा दिलाया जाएगा। शिविर में एमबीबीएस डॉ दिनेश प्रसाद साहू द्वारा जांच किया गया। शिविर में 150 लोगों का जांच किया और दवा वितरण किया गया। मौके पर बेड़ो प्रखंड कोडिनेटर मनोज तिर्की, मुरतो पंचायत कोडिनेटर राजेंद्र लोहरा, सावित्री देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

### एनएचआइ पर उठे कई सवाल, सड़क पर छोड़ दी थी ब्रेक डाउन ट्रक

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** रांची रामगढ़ मार्ग चुटूपालू घाटी में सड़क पर खड़ी एक ट्रक से बाइक के टकरा जाने से बाइक में सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से युवक घायल हो गए हैं। मृतक की पहचान ओरमांझी थाना क्षेत्र के चुटूपालू निवासी स्व. नरेशलाल साहू के 25 वर्षीय बेटा अमित साहू उर्फ मुन्ना के रूप में हुई। वहीं दोनों घायल फायजन अंसारी 20 वर्ष व प्रवीण सिंह 22 वर्ष भी चुटूपालू के ही हैं। बुधवार रात सात बजे हुई घटना के संबंध में बताया गया कि तीनों एक ही


मृतक अमित कुमार साहू का फाइल फोटो।


सड़क में खड़ी ट्रक और टक्कर के बाद बाइक सहित गिरे युवक।

बाइक में सवार होकर रामगढ़ गए थे। लौटने के दौरान बाइक सड़क पर खड़ी ट्रक सीसी-04एनएच-5226 से जा टकराई। टक्कर के बाद तीनों बाइक सहित सड़क पर गिर गए। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार व शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। वहीं स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर एनएचआई के प्रति नाराजगी जताया गया है। कहा सड़क पर खड़ी ट्रक ब्रेकडाउन थी। एनएचआइ द्वारा मेंटेनेंश के नाम पर टोल तो वसूल करती हैं। लेकिन मेंटेनेंश का कार्य नही करती।

बताया गया कि फोरलेन में वाहन के खराब हो जाने पर एनएचआई द्वारा तत्काल क्रेन की मदद से सड़क से हटा देना है। लेकिन कई घंटो से ब्रेक डाउन होकर खड़ी ट्रक को नही हटाने से युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोग एनएचआइ मेंटेनेंश के कर्मी पर लापरवही का आरोप लगाते हुए मेंटेनेंश ऑफिस की घेराव करने की बात कर रहे थें।

### कृषक उवि में बच्चियों की पिटाई का मामला

# शिक्षिका श्वेता ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

▸▸दो पहले ही जा चुके हैं जेल
▸▸एक शिक्षक अब भी फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना कांड संख्या 342/23 के नामजद अभियुक्त श्वेता तिर्की ने बुधवार की दोपहर प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी आरके पांडेय की अदालत में समर्पण कर दिया। वह कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुडू की उप प्रधानाचार्या हैं। इससे पहले पुलिस विद्यालय के सचिव अशोक महतो और प्राचार्या सीमा कुमारी को 4 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एक आरोपी निरंजन महतो अब भी फरार हैं। आरोपियों के पक्षकार झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उन्हें भी जल्द आत्मसमर्पण कराया जायेगा। बताते चलें कि विद्यालय के सचिव और शिक्षक-शिक्षिकाओं पर 10 वीं की छात्रा साक्षी, असिता और रिया कुमारी के साथ 22 अगस्त को दिन के करीब साढ़े तीन बजे छड़ी से पिटाई कर जख्मी कर दिये जाने का आरोप है। इसके बाद परिजनों की फटकार से आहत होकर साक्षी कुमारी ने घर में रखे कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। 28 अगस्त की सुबह इलाज के दौरान उसने रिम्स में दम तोड़ दी थी। वह हिंसरी निवासी धनसु महतो की पुत्री थी।

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने फुटबॉल स्टेडियम का किया शिलान्यास


स्टेडियम का शिलान्यास करती विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को इटकी प्रखंड के सियार टोली बस्ती में फुटबॉल स्टेडियम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक तिर्की ने कहा कि करीब 2.32 करोड़ रुपए की राशि से स्टेडियम का निर्माण कराया जायेगा। निर्माण कार्य को 18 माह में पूरा कर लेना है। स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति भावना जागेगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं में निखार आयेगा। शिलान्यास कार्यक्रम में संबंधित विभाग के अधिकारियों के शामिल नहीं होने पर विधायक ने नाराजगी जताई। इससे पूर्व विधायक तिर्की ने गढ़गांव व कुल्ली पंचायत में नल जल योजना कार्य का भी शिलान्यास किया। इसके अलावा कुल्ली, मल्टी व गढ़गांव में महिलाओं के साथ बैठक की। मौके पर जिप सदस्य रीना देवी, उप प्रमुख परवेज राजा, मुखिया रमेश महली, निर्मला भेंगरा, अबरार इमाम, अबू माज, बलराम गोप, घोमा सिंह, फिरोज, सुखदेव उरांव, मंजर आलम, अजय गोप, ताहिर अंसारी, शिशु गोप, धर्मदास टोप्पो, हसनैन, मोकीम व शकील सहित अन्य शामिल थे।

### जमीन अधिग्रहण करने को लेकर किया गया आम सभा, ग्रामीणों ने कहा

# 80 प्रतिशत भुगतान के बाद ही सड़क निर्माण हो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**राहे।** राहे-हाहे सड़क निर्माण में जमीन अधिग्रहण करने को लेकर बुधवार को राहे पंचायत सचिवालय आम सभा का आयोजन किया गया। भू-अर्जन विभाग और पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ जमीन रैयत ओर ग्रामीणों की आम सभा हंगामा के साथ संपन्न हुई। भू-अर्जन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राहे -हाहे सड़क के चौड़ीकरण में राहे अंचल के पांच गांव के 24 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। राहे,


राहे में जमीन अधिग्रहण आम सभा में हंगामा करते ग्रामीण।

कोकरोडीह, सताकी, कोन्ताटोली ओर पुरनाडीह गांव के अधिग्रहण होने वाले जमीन मालिक को व्यक्तिगत नोटिस दिया जाएगा। इधर रैयत ओर ग्रामीणों ने सर्वे का विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि जमीन को चिन्हित कर ही रैयत का घोषणा करें, छूटे रैयत का नाम सूचीबद्ध किया जाय तथा 80 प्रतिशत भुगतान के बाद ही सड़क निर्माण किया जाय।ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनिमियता उजागर किये। पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता सुजीत कुमार ने ग्रामीणों की मांग के अनुसार ही कार्य करने का आश्वासन दिया। आम सभा में जमीन अधिग्रहण करने की सहमति बनी। आम सभा में राहे जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज प्रकाश सिन्हा, देवगुण महतो, जवाहरलाल महतो, मुखिया कृष्णा पातर, गिरिबाला देवी, पांडु मुंडा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला समिति के अध्यक्ष बने फूलदेवटाना भगत एंव सचिव बालेश्वर उरांव



**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर में आयोजित तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला आयोजन को लेकर सरना क्लब में बैठक रखी गई। इस बैठक की अध्यक्षता टंडवा प्रमुख रीना कुमारी और संचालन शिवशंकर साव ने किया। तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला जो 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक लगाया जा रहा है उसके सफल संचालन को लेकर कमिटि का गठन किया गया। सर्व सहमति से जितिया जतरा मेला संचालन समिति के संरक्षक टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी, फूलचंद टाना भगत, अलेक्जेंडर तिग्गा, धनेश्वर गंझू, क्यूम अंसारी, नागेश्वर महतो, रमेश मुंडा, शिवशंकर साव वही अध्यक्ष फूलदेव टाना भगत, उपाध्यक्ष निर्मल उरांव, सचिव बालेश्वर उरांव सहसचिव बालकंत उरांव, कोषाध्यक्ष मानेश्वर भगत, उपकोषाध्यक्ष अरुण उरांव का चयन किया गया। बैठक में बहेरा मुखिया रेखा देवी, पंसस बसंती देवी,ललीता कुमारी,जोनी भगत, निर्मल उरांव, क्युम अंसारी, धनेश्वर गंझू, इन्द्रजीत उरांव, इदरीस अंसारी, रामू मिंज, श्रीवास्तव उरांव, बालकंत उरांव, अरुन उरांव, टिकेश्वर महतो, बालेश्वर उरांव, फूलचंद टाना भगत, मानेश्वर भगत, अलेक्जेडर तिग्गा, करन महतो, हनी भगत, पंकज दास, सचिन पासवान, फूलदेव टाना भगत, नागेश्वर महतो, रमेश मुंडा सूरज भगत, राजेश भगत, आदि लोग मौजूद थे।

## दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष बने ओमप्रकाश गुप्ता

**सिकिदिरी।** दुर्गापूजा का पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर बुधवार को सिकिदिरी स्थित शिव मंदिर परिसर में ओमप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई।धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा, संरक्षक थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि व कार्यपालक अभियंता संजय कुमार सिंह, को बनाया गया है। इसके अलवा अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता,उपाध्यक्ष प्रदीप साहू व विनय कुमार झा,सचिव उत्तम कुमार दास,सह सचिव सिकंदर बेदिया व हरिओम शर्मा, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गोस्वामी व युवा संगठन सचिव हिमांशु कुमार चुने गए। इसके आलावा 35 कार्यकारिणी सदस्य भी चुने गए। अध्यक्ष ने बताया कि पूजा में माता जागरण का आयोजन, तीन दिनों तक महा प्रसाद का वितरण व सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में मेले का आयोजन तथा रावण दहन किया जाएगा।

## किराना दुकान में छापेमारी 22 बोतल बीयर बरामद

**मांडर।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को थाना क्षेत्र के टांगरबसली चौक स्थित किराना दुकान मे छापेमारी कर 22 बोतल बीयर बरामद किया है। संलिप्त तस्कर भागने में सफल रहा। उक्त बातों की जानकारी देते मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टाँगरबसली के एक किराना दुकान में चोरी-छिपे शराब की तस्करी किया जा रहा है।गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और ये कार्रवाई की गईं।

# चलंत लोक अदालत-सह-जागरूकता वैन से विधिक सेवा की दी गयी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा संचालित चलंत लोक अदालत सह जागरूकता वैन के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के बीसा गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले विधिक सेवाएं के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता कविता काथी शिवानी सिंह बेबी सिन्हा लता कुमारी तारा मिंज शीला देवी युधिष्ठिर महतो मुन्नी देवी पीएलवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डालसा के अधिवक्ताओं ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा डायन बिसाही कन्या भ्रूण हत्या पीड़ित मुआवजा



इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने हेतु उपाय के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों को नालसा एव झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में न्यायालय में चल रहे विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से निबटारा करने पर बल दिया गया। मोटर दुर्घटना में मिलने वाली मुआवजा के बारे में भी जानकारी दी गयी। बेबी सिन्हा एवं तारा मिंज ने मजदूरों को निबंधन हेतु नियोजन फर्म भरने के बारे में बताया जिसके तहत उन्हें कई लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जाये।

## थाना प्रभारी ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ की बैठक



**मांडर।** थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बुधवार को थाना परिसर में वरीय पुलिस पदाधिकारीयों के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालको के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक किया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित हुए और उन्होंने थाना प्रभारी से विचार विमर्श कर पेट्रोल पंप पर किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए सुरक्षात्मक कार्य व्यवस्थित करने का आश्वासन दिया। सुरक्षित कैश काउंटर, सायरन, विश्वनीय कर्मचारी, हैवी कैमरा, कथित संदिग्ध ग्राहकों पर पैनी नजर, संदेह होते ही सायरन का प्रयोग एवं 100 नंबर डायल कर या स्थानीय प्रशासन को सूचित करने की बात कही गई। मौके पर मांडर अंचल इंसपेक्टर अवधेश ठाकुर, तिग्गा फ्यूल सेंटर के संचालक सुदीप तिग्गा, साहु फ्यूल सेंटर के मनोहर साहु, पंकज फिलिंग स्टेशन के अशोक साह, विकास सिंह, मिथलेश कुमार, मुस्लिम अंसारी,परमेश्वर महतो मौजूद थे।

## शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया



चान्हो। सनराइज पब्लिक स्कूल टांगर में बुधवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, विशिष्ट अतिथि चान्हो पूर्वी के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी और डॉ परमेश्वर भगत ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छोटे-छोटे बच्चियों का कार्यक्रम काफी मनोरंजक था। लोग मंत्र मुग्ध हो गए। मौके पर बोलते हुए श्री टोप्पो ने कहा कि शिक्षक ही समाज का निर्माण करता है। शिक्षकों के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेवारी होती है। शिक्षक समाज की रीढ़ है। शिक्षक की महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने आगे कहा कि अगर शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को बढ़िया से निभाएं तो देश को तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता। वहीं सन्नी टोप्पो ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डाला। शिक्षक का हमारे जीवन में अमूल्य योगदान है। शिक्षकों के बिना यह मानव जीवन सार्थक नहीं है। शिक्षा के साथ-साथ हमारे जीवन मे खेल, नौकरी, कृषि, राजनीतिक, समाजिक और अपने-अपने संस्कृति संस्कार को भी अपने जीवन मे बचाकर रखना बहुत जरुरी है। आशुतोष तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के स्कूल से जो शिक्षा मिल रही है उससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को काफी फायदा हो रहा। मंच संचालन अनसलेम एक्का और मोहसिन अंसारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व शिक्षक सुमेश गोप ने किया। मौके पर अशोक साहु, अरविंद सिंह, इनामुल हक, रिजवान अंसारी, मो सेराज, अशेश्वर शाही, मजीद अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बिजली चोरी के आरोप में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना में बुधवार को बिजली चोरी के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है उनमें ढेलुवाखूंटा निवासी सूर्यकांत प्रसाद,खालसा निवासी अजय सिंह व प्रदीप सिंह शामिल है। बिजली विभाग ने छापामारी अभियान चलाकर कर उक्त।लोगों को को अवैध हुकिंग कर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। छापामारी अभियान दल में एसडीओ अवधेश कुमार, कनीय अभियंता देवनंदन राम व अन्य लोग शामिल थे।

# ट्रक संचालक यूनियन ने बैठक कर कहा, लोकल ट्रकों और ऑनरों को मिले पहली प्राथमिकता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** केडी नेहरू क्लब के प्रांगण में ट्रक ओनर यूनियन एन के क्षेत्र का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता तनवीर आलम व संचालन विकास दुबे ने किया। बैठक में लोकल गाड़ियों व लोकल ट्रक ऑनर के बारे में चर्चा किया गया। चर्चा में लोकल गाड़ियों को सर्वप्रथम प्राथमिकता दिया जाए। उसके बाद ही बाहरी गाड़ियों को लगाया जाय। वही डंप में स्पेशल लोडिंग के नाम पर गाड़ियों से अवैध वसूली लिफ्टर


ट्रक ओनर यूनियन के बैठक में मौजूद लोग।

नहीं ले। अन्यथा ट्रक एसोसिएशन वसूली ग्रुप पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही बैठक में ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक राजन सिंह राजा ने एन के महाप्रबंधक से मांग की है कि सभी डंप से लोकल सेल द्वारा जो कोयल का उठाव किया जाता है। उक्त कोयले में विगत कुछ महीनों से ऑफर में भारी कटौती की गई है। सीसीएल के द्वारा ऑफर देकर कोयले की क्वांटिटी को बढ़ाया जाए। सभी मांगों को महाप्रबंधक नहीं मानती है तो बाध्य होकर ट्रक ओनर एसोसिएशन एन के द्वारा एन के एरिया के सभी कोल डंप से कोयल का परिचालन पूर्ण रूप से ठप कर दिया जाएगा। मौके पर विकास दुबे, रूबी यादव, मदन सिंह, रणविजय सिंह, कन्हैया झा, संजय कामत, विक्की सिंह, जुबेर अंसारी, नसीम अहमद, सोनू सिंह, अचिंत बनर्जी, गोपाल सिंह, प्रेम सिंह, अरुण यादव, जियाउल अंसारी, फिरोज आलम, गौतम सिंह, हेमंत सिंह, रवि सिंह, दीपू सिंह, गुड्डू गिरी, साजिद अंसारी, रामाशीष यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## तीन कर्म में विधायक राजेश कश्छप ने सहयोग प्रदान किया

**अनगड़ा।** अनगड़ा प्रखंड के हेसल निवासी स्वर्गीय दुर्गा महली की पत्नी पोलकी देबी का पिछले दिनों आकस्मिक निधन हो गया जो अपने पीछे दो बेटा और एक बेटी छोड़ गई है वे अत्यंत गरीब परिवार से आते हैं। तीन कर्म के मौके पर खिजारी विधायक राजेश कश्छप के सौजन्य से पंचायत अध्यक्ष अब्बास अंसारी विधायक प्रतिनिध (शिक्षा विभाग) साकिर अंसारी प्रखंड महासचिव मिन्हाज आलम वरिष्ठ कोंग्रेसी यूनुस अंसारी पंचायत समिति सदस्य शीला देवी के हाथों 50 किलो चावल देकर सहयोग किया गया।

### नाबालिग की पिटाई मामले की बाल संरक्षण आयोग ने की जांच

# सरकार व न्यायालय को सौंपेगी रिपोर्ट जेजे एक्ट के तहत चलेगा मुकदमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बुढ़मू।** बुधवार को नाबालिग की पिटाई मामले पर संज्ञान लेते हुए बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव अपनी टीम के साथ पीड़ित के घर बनापिरी पहुंची। परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली। परिजनों ने बाल संरक्षण आयोग की टीम के सदस्यों को नाबालिग की पुलिस के द्वारा की गयी बेरहमी और उससे लगी चोटों के निशान भी दिखाया। अध्यक्ष काजल यादव ने कहा कि उनकी टीम इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट सरकार और न्यायालय में सौंपगी। साथ ही सख्त कार्रवाई का अग्रह भी करेगी।

**थानेदार ने की बड़ी गलती**

उन्होंने कहा कि वर्दी के जोश और एकपक्षीय करवाई को लेकर थाना प्रभारी ने बड़ी गलती की है। थानेदार ने ग्यारह बजे रात में नाबालिग व उसके पिता को थाना में बुलाकर बुरी तरह पीटा और ऊपर से नाबालिग को बिना किसी कागजी जांच के 19 वर्ष का बालिग बता दिया। जबकि हकीकत यह है की शीतल बैठा मात्र लगभग 17 वर्ष का है और नाबालिग है। आधार कार्ड में उसका जन्म वर्ष 2006 अंकित है। बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव ने कहा की अगर यह साबित हो गया की शीतल बैठा सचमुच नाबालिग है तब थानेदार के विरुद्ध जेजेए एक्ट के तहत मामला चलाया जायेगा।

**शुरू से मनबढ़ू हैं थानेदार**

ठाकुर गांव थानेदार की कई शिकायतें ग्रामीणों के बीच शुरू से रही हैं। वर्दी की रौब में यह बच्चा, बुजुर्ग, महिला किसी को नहीं पहचान रहे थे ऐसा ग्रामीणों का कहना है। पिटाई करना इनके लिये आम बात था। कुछ माह पूर्व इनके द्वारा बोडया गांव के पास कुछ महिलाओं की पिटाई कर दी गयी थी जिसे लेकर भी ग्रामीण गोलबंद हुए थे परंतु उस वक्त इन्होंने मामले को दबा दिया था वहीं दूसरी बार यौन शोषण का आरोपी एक लगभग 75 वर्षीय बुजुर्ग की इन्होंने थाने में जमकर धुनाई कर दिया था जिससे भयभीत होकर उसने थाने में ही फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास तक कर लिया था।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**सोनाहातू।** खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं का प्रखंड स्तरीय विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताएं सोनाहातू स्थित थाना मैदान में बुधवार को संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं के लिए एक सौ मीटर, दो सौ मीटर, चार सौ मीटर दौड़ हुआ। जिसमें अंडर-14 एवं अंडर-17 उम्र के प्रतिभागी शामिल हुए। इनके अलावे कब्बडी, खो-खो, फुटबाल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक बिंदेशवर महतो, शंभूशरण मुंडा, प्रदीप मुंडा, उषा मिंज, प्रतिमा कुमारी, बीपीओ प्रवीण कुमार, साधन सेवी बनमाली महतो, दुर्गाप्रसाद महतो, अरुण कुमार महतो, कार्तिक महतो आदि का सहयोग रहा। संचालन पंकज कुमार के द्वारा किया गया।

# शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण हो : सांसद

▸▸झारखंड पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** शिक्षा का उदेश्य चरित्र निर्माण होना चाहिए। प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित झारखंड पब्लिक स्कूल मनातु में बुधवार को आयोजित 18वीं स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने उक्त बाते कही। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अलग-अलग ग्रुप में छात्राओं ने संथाली, असामिया व झारखंड सहित विभिन्न प्रदेष के लोक नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं छात्रो द्वारा हिन्दी बॉलीवुड आदि डांस प्रस्तुत किया गया। इसके अलावे छात्राओं द्वारा बेटियों पर हो रही अत्याचार, एसिड ऐटेक, घरेलू हिंसा पर अधारित मार्मिक नाटय प्रस्तुती देख उपस्थित


उपस्थित राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व अन्य।

कई लोग भवुक हो गए। वहीं विद्यालय के छोटे बच्चों की हास्य नाटय प्रस्तुत ने लोगों को खुब मनोरंजन किया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुती पर लोगों ने ताली बजा कर सरहाना की। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि इनके वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ हरिष सांस्कृतियान, प्रमुख अनुपमा देवी ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं आदित्य साहू ने कहा सुदूरवर्ती गांव के बच्चों को आज शहर के बच्चों जैसा बेहतर शिक्षा के साथ चरित्र का भी निर्माण हो रहा है। उन्होने विद्यालय के निदेषक विरेंद्र वंषवार की भी सरहाना की और कहा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। 18 वर्ष पूर्व एक छोटा सा पौधा लगा था। आज एक बड़ा पेड़ का रूप ले लिया है। उन्होने सांसद निधि से विद्यालय भवन निर्माण के लिए 15 लाख रूपया देने व अनार्वध निधि से गांव की सड़क निर्माण कराने की भी घोषणा किया। निदेशक बिरेंद्र वंशवार ने कहा ज्यादातर बच्चों के माता पिता मजदूरी करते हुए अपने बच्चों के बेहतर भविश्य के लिए पढा रहे हैं। विद्यालय में पढ़ने वालें बच्चों से काफी कम शुल्क ली जाती है। वहीं प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने कहा गांव के बच्चों को बेहतरर शिक्षा नही मिल पाती है। झारखंड पब्लिक स्कूल को राज्य का सबसे बेहतर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय बनाने का उदेश्य है। आजसू जिला महासचिव रामधन बेदिया, जिप सदस्य सरिता देवी कई लोगों ने संबोधन किया। कार्यक्रम में पंसस रश्मि रेखा मुंडा, ग्राम प्रधान जलेष्वर मुंडा, अजय साहू, चतुर साहू, विक्रांत तिवारी, राजकिषारे साहू, रामलखन महतो, अमरनाथ चैधरी, बंशीधर महतो, नागेंद्र महतो, भुनेश्वर महतो, सागर महतो, मनीष कुमार, रजनी गीता कुजूर, मंजु कुमारी, रिद्धिमिया कुमारी, प्रीति कुमारी, उमीर्ला कुमारी, राजेष कुमार, प्रवीण कुमार झा, विरेंद्र महतो, नीरज कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक शिखिका व कॉफी संख्या अभिभावक गण उपस्थित थें।

# आइसीसी रैंकिंग : शुभमन गिल, रोहित शर्मा और विराट कोहली शीर्ष 10 में हुए शामिल

एजेंसी



**दुबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आइसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल किया है। इसके अलावा भारत के तीन खिलाड़ी रैंकिंग के शीर्ष 10 में हैं और जनवरी 2019 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। गिल, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में 58 रन बनाए थे और पहले विकेट के लिए कप्तान रोहित शर्मा के साथ 121 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की थी, एक स्थान ऊपर आ गए हैं जबकि शर्मा और विराट कोहली दो-दो स्थान आगे बढ़े हैं और क्रमश: आठवें और नौवें स्थान पर हैं। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ भी पिछले मैच में अर्धशतक बनाया था जबकि कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन की पारी खेली थी। रोहित, कोहली और शिखर धवन चार साल से अधिक समय पहले शीर्ष 10 में शामिल तीन बल्लेबाज थे, जबकि ये तीन सितंबर 2018 में बल्लेबाजी तालिका के शीर्ष छह में भी थे। आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से एक महीने से भी कम समय में शीर्ष 10 में पाकिस्तान के भी तीन बल्लेबाज हैं। कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर हैं और गिल पर 100 से अधिक रेटिंग अंकों की बढ़त बनाए हुए हैं, जबकि इमाम-उल-हक और फखर जमान क्रमश: पांचवें और 10वें स्थान पर हैं। नवीनतम साप्ताहिक अपडेट, जिसमें दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के तीन मैचों और इंग्लैंड-न्यूजीलैंड श्रृंखला के दो मैचों को भी शामिल किया गया है, दक्षिण अफ्रीका के टेम्बा बावुमा अपने पिछले आठ वनडे मैचों में तीन शतक और दो अर्धशतक लगाकर शीर्ष 10 के करीब पहुंच गए हैं, वह 21 स्थान आगे बढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ 25वां स्थान था। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डेविस वार्नर (एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर), ट्रैविस हेड (छह स्थान ऊपर 20वें स्थान पर) और मार्नस लाबुशेन (24 स्थान ऊपर 45वें स्थान पर) ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, वहीं, केएल राहुल को 10 स्थान का फायदा हुआ है और वह 37वें और ईशान किशन दो पायदान ऊपर 22वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में चार विकेट लेने के बाद पहली बार गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में हैं। भारत के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव एशिया कप के दो मैचों में नौ विकेट लेने के बाद पांच स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ आठ पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर हैं, जबकि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आठ पायदान ऊपर 27वें और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या 21 पायदान ऊपर 56वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों में भी पंड्या चार पायदान ऊपर छठे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (10 पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) और तबरेज शम्सी (15 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर) रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले अन्य गेंदबाजों में शामिल हैं।

# बेन स्टोक्स ने तोड़ा जेसन रॉय का रिकॉर्ड

एजेंसी



**लंदन।** लंदन के मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे वनडे के दौरान इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने धमाकेदार पारी खेलकर अपनी टीम को 368 तक पहुंचा दिया। स्टोक्स जब क्रीज पर आए थे तो टीम का स्कोर 13 रन पर 2 विकेट था लेकिन उन्होंने एक छोर संभालते हुए 124 गेंदों पर 182 रन ठोक दिए। संन्यास के बाद वापसी कर रहे स्टोक्स की यह पारी देखकर इंग्लैंड क्रिकेट टीम के चयनकर्ता जरूर खुश होंगे क्योंकि स्टार बल्लेबाज को युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक पर तरजीह दी गई है जो इस समय खूब रन बना रहे हैं। बहरहाल, बेन स्टोक्स ने 124 गेंदों पर 15 चौके और 9 छक्कों की मदद से 182 रन बनाए। उन्हें दाविद मलान का भरपूर साथ मिला जिन्होंने 95 गेंदों पर 12 चौके और एक छक्कों की मदद से 96 रन बनाए। स्टोक्स 182 रन बनाने के साथ ही इंग्लैंड की ओर से वनडे में किसी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। स्टोक्स के पास मैच के दौरान दोहरा शतक लगाने का मौका था। वह इंग्लैंड के क्रिकेटर द्वारा खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारी अपने नाम पर करने में सफल तो रहे लेकिन इंग्लैंड के लिए वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले प्लेयर बनने से चूक गए।

### स्टोक्स ने खेली तूफानी पारी

डेविड मलान के पवेलियन लौटने के बाद बेन स्टोक्स को कप्तान जॉस बटलर का साथ मिला और दोनों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को किसी तरह की वापसी का कोई मौका नहीं दिया। स्टोक्स के बल्ले से इस मैच में 124 गेंदों में 182 रनों की पारी देखने को मिली। इसी साथ स्टोक्स ने जेसन रॉय के 180 रनों के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

### न्यूजीलैंड की हार तय

स्टोक्स ने 93 पारियों में अपना चौथा शतक जड़ा, उन्होंने वनडे में अपने पिछले 102 रन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर को पीछे छोड़ा। बेन लिस्टर की फुल टॉस गेंद पर स्टोक्स स्क्वायर लेग में विल यंग को कैच देकर आउट हुए जिससे इंग्लैंड ने 348 पर छठा विकेट खोया। इसके बाद पूरी टीम 20 रन जोड़कर आउट हो गई। बोल्ट ने 51 रन देकर पांच विकेट झटके। खबर लिखे जाने तक न्यूजीलैंड ने 368 रन के जवाब में सिर्फ 56 रन पर ही चार विकेट गंवा दिए थे। श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर है।

### विश्व कप के लिए आए वापस

स्टोक्स की इंगलैंड को क्रिकेट विश्व कप 2019 जितवाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। उन्होंने इसके बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। लेकिन आगामी विश्व कप को लेकर इंगलैंड क्रिकेट प्रबंधन और कप्तान जोस बटलर के आह्वान पर उन्होंने वापसी का रुख किया है। विश्व कप से पहले इंगलैंड न्यूजीलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण सीरीज खेल रही है जिसमें स्टोक्स ने अपने बल्ले का दम दिखाकर सबको प्रभावित कर दिया है।

## पुजारा के काम आये उनादकट, 9 विकेट चटकाकर काउंटी में दिलायी रोमांचक जीत



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर जयदेव उनादकट इस समय इंगलैंड में काऊंटी क्रिकेट खेलने गए हैं। उन्हें ससेक्स क्लब ने अनुबंधित किया था। इसी क्लब की कप्तानी चेतेश्वर पुजारा कर रहे हैं। बहरहाल, काऊंटी चैंपियनशिप डिविजन 2 के एक अहम मुकाबले में ससेक्स ने जयदेव उनादकट के 9 विकेटों की बदौलत लैस्टरशायर को 15 रन से हरा दिया। लैस्टरशायर दूसरी पारी में 500 रन से ज्यादा के लक्ष्य का मजबूती से पीछा कर रहा था लेकिन उनादकट ने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर अपने क्लब को रोमांचक जीत दिला दी। मुकाबले की बात करें तो ससेक्स ने पहले खेलते हुए टॉम हेन्स के 39, जेम्स कोल्स के 44 तो फिन हडसन-अप्रेंटिस के 92 गेंदों पर बनाए गए 65 रनों की बदौलत 262 रन बनाए थे। कप्तान पुजारा पहली पारी में केवल 26 रन ही बना पाए थे। इसके जवाब में लैस्टरशायर की टीम ऋषि पटेल के 48 रनों के बावजूद 108 रन पर सिमट गई। उनादकट ने पहली पारी में 23 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। दूसरी पारी खेलने उतरी ससेक्स ने टॉम क्लार्क के 69, जेम्स कोल्स के 63 रनों की बदौलत 344 रन बनाए थे। इस तरह लैस्टरशायर के सामने 498 रन का लक्ष्य था। लैस्टरशायर की ओर से कोलिन एक्ररमैन ने 190 गेंदों पर 136, उमर एमीन ने 185 गेंदों में 94, बेन कोक्स ने 125 गेंदों पर 58, टॉम स्क्रिवेन ने 108 गेंदों में 78 रन की बदौलत मजूती से लक्ष्य का पीछा किया लेकिन उनादकट ने अहम मौकों पर विकेट निकालकर अपनी टीम को 15 रनों से जीत दिला दी।

# बारिश से मैच रद्द हुआ तो श्रीलंका फाइनल खेलेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एशिया कप में गुरुवार, 14 सितंबर को पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें फाइनल के टिकट के लिए भिड़ेंगी। दोनों टीमों का सुपर-4 में यह अंतिम मैच है, लेकिन यह मुकाबला किसी सेमीफाइनल से कम नहीं है। दरअसल, इस मैच की विजेता टीम फाइनल में पहुंच जाएगी। श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों ने ही सुपर-4 में दो-दो मुकाबले खेले हैं। इस दौरान दोनों को एक-एक मैच में जीत मिली है और एक-एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में इस मैच को जीतने वाली टीम चार प्वाइंट्स के साथ फाइनल में प्रवेश कर जाएगी।




### अगर रद्द हो गया पाकिस्तान और श्रीलंका का मैच?

इस मैच में भी भारी बारिश की संभावना है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर यह मैच बारिश भेंट चढ़ गया तो पाकिस्तान और श्रीलंका में से फाइनल में कौन पहुंचेगा। इसका जवाब है श्रीलंका दरअसल, अगर बारिश की वजह से पाकिस्तान और श्रीलंका का मैच रद्द हो गया तो दसुन शनाका की टीम फाइनल में प्रवेश कर जाएगी। दरअसल, श्रीलंका का नेट रन रेट पाकिस्तान से काफी बेहतर है। ऐसे में मैच रद्द होने की स्थिति में श्रीलंका की टीम फाइनल में पहुंच जाएगी।

### नहीं रखा गया है रिजर्व डे

बता दें कि पाकिस्तान और श्रीलंका के मैच के लिए रिजर्व डे नहीं रखा गया है। ऐसे में 2023 एशिया कप के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम का खुलासा गुरुवार को ही हो जाएगा। बारिश के कारण मैच रद्द होने की स्थिति में 17 सितंबर को श्रीलंका की टीम भारत से फाइनल मुकाबला खेलेगी।

### फाइनल में प्रवेश कर चुकी है टीम इंडिया

सुपर-4 में पाकिस्तान और श्रीलंका को हराकर भारतीय टीम पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है। हालांकि, 15 सितंबर को टीम इंडिया बांग्लादेश के खिलाफ सुपर-4 का अपना आखिरी मुकाबला खेलेगी। इसके बाद श्रीलंका और पाकिस्तान के मैच की विजेता टीम से भारतीय टीम फाइनल मुकाबले में भिड़ेगी।

## नसीम शाह चोट के कारण एशिया कप से बाहर

**कोलंबो।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह कंधे की चोट के कारण एशिया कप के बाकी मैचों में अपनी टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर पायेंगे। नसीम शाह को रविवार और सोमवार को खेले गये भारत पाक मैच के दौरान चोट लगी थी। टीम के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल ने श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले ह्यकरो या मरोह्व के मैच से पहले नसीम के बाहर होने को पाकिस्तान के लिये बड़ा झटका बताया और उम्मीद जाहिर की कि उनके स्थान पर आने वाला खिलाड़ी अपनी भूमिका का सही ढंग से निर्वहन कर सकेगा।

## जूनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप झारखंड को हराकर यूपी फाइनल में

**भुवनेश्वर।** आक्रामक खेल की बदौलत झारखंड को 2–0 से हरा कर उत्तर प्रदेश ने बुधवार को जूनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप फार डॉ बी सी राय ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया। उत्तर प्रदेश एवं झारखंड के बीच सेमीफाइनल मैच शुरू होते ही दोनों टीमे छोटे–छोटे पास से एक दूसरे पर आक्रमण करने लगी। ज्यादातर खेल मैदान के बीच में हो रहा था। दोनों ही टीमे अटैक और डिफेंस शैली से खेल रही थी। नतीजन पहले हाफ में दोनों टीमे 0–0 से बराबर रही।

## जॉर्जिया नें जीती विश्व महिला टीम शतरंज चैंपियनशिप



**वारशो, पोलैंड।** विश्व महिला टीम शतरंज चैंपियनशिप का खिताब अनुभवी जॉर्जिया टीम नें जीत लिया है , जॉर्जियाई खिलाड़ियों का अनुभव कजाकिस्तान की युवा टीम पर हावी रहा और फाइनल मुकाबले मे जॉर्जिया नें कजाकिस्तान पर लगातार दो फाइनल मुकाबलों मे 2.5–1.5 और 3.5–0.5 से जीत दर्ज की । जॉर्जिया की पूरी तरह से यही टीम जिसमें बेला खोतेनशविली, मेरी अरबिडेज, नीनो बत्सियाशविली, लैला जवाखिशविली और सैलोम मेलिया शामिल थी नें इससे पहले 2015 मे सोची रूस में भी यह खिताब जीता था । तीसरे स्थान पर फ्रांस और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका के बीच एक करीबी मुकाबला खेला गया , दोनों के बीच पहला मुकाबला 2–2 से बराबर रहा पर दूसरे मुकाबले में फ्रांस नें 3–1 की जीत के बाद कांस्य पदक जीत लिया। पिछले वर्ष स्पेन में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम को इस बार टीम में अनुभवी की जगह नए खिलाड़ी शामिल करना सफलता नहीं लेकर आया और फ्रांस को हराकर टूनार्मेंट की शुरूआत करने वाली भारतीय टीम इस बार टीम बेहद निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए क्वाटर फाइनल में भी जगह नहीं बना सकी थी ।

## हार्वेस्ट गोल्ड ने की 'हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023' के लॉन्च की घोषणा, साइना नेहवाल होंगी रेस एंबेसडर

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** भारत के अग्रणी ब्रेड ब्रांड में से एक हार्वेस्ट गोल्ड ने बुधवार को यहां ले मेरीडियन होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में 'हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023' के लॉन्च की घोषणा की। ब्रांड ने पूर्व बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियन साइना नेहवाल को 'रेस एंबेसेडर' के रूप में अपने साथ जोड़ा है। साइबर सिटी गुरुग्राम में 24 सितंबर 2023 को आयोजित होने वाली इस रेस का यह आठवां संस्करण होगा। इस रेस का उद्देश्य सभी के लिए पोषण की व्यवस्था करना है। इस वर्ष ब्रांड ने अपनी थीम -रन द डिस्टेंस, टू मेक ए डिफरेंस के तहत एक अग्रणी एनजीओ रॉबिन हुड आर्मी के साथ हाथ मिलाया है, जो समाज के वंचित वर्गों के लिए पोषण सुनिश्चित करने का प्रयास करता है। दुनिया की सबसे बड़ी बेक्ड फूड कंपनी ग्रुपो बिम्बो के तत्वावधान में हार्वेस्ट गोल्ड ने भारत में ग्लोबल रेस के लिए प्राप्त प्रत्येक रजिस्ट्रेशन के लिए 20 स्लाइस ब्रेड दान करने का वादा किया है। इस अवसर पर ग्रुपो बिम्बो, इंडिया के प्रबंध निदेशक राज कंवर सिंह ने कहा, हम हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023 की घोषणा करते हुए अत्यंत रोमांचित हैं। एक बेहतर दुनिया बनाने के लक्ष्य से प्रेरित, हार्वेस्ट गोल्ड स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने इस मौके पर कहा, मैं एक समय में एक कदम उठाने और लगातार प्रयास करने में विश्वास करती हूं। मैं हार्वेस्ट गोल्ड के साथ साझेदारी करके बहुत ही सम्मानित महसूस कर रही हूं। एक एथलीट के रूप में मैंने हमेशा माना है कि हमारा प्रभाव 'फिनिश लाइन' से परे जाता है, और यह साझेदारी उस विश्वास का प्रतीक है। पोषण तक पहुंच की कमी अभी भी हमारी दुनिया के लिए सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है और हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस हम सभी को एक उद्देश्य के लिए एकजुट होने और एक बेहतर दुनिया के पोषण की दिशा में बहुमूल्य योगदान देने का अवसर प्रदान करती है। ग्रुपो बिम्बो के संचालन वाले सभी देशों में विश्व स्तर पर इस रेस का यह आठवां वर्ष है। इसके आयोजन में पिछले साल 60 लाख से अधिक स्लाइस ब्रेड दान किए गए हैं।

## भारत के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले में नहीं खेलेंगे मुशिफकुर

**कोलंबो।** विकेटकीपर बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम भारत के खिलाफ बांग्लादेश के एशिया कप सुपर फोर चरण के फाइनल मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा छुट्टी बढ़ा दी गई है। बीसीबी ने बुधवार को अपने आगामी मैच से रहीम की अनुपस्थिति की घोषणा की जो शुक्रवार को खेला जाना है। बीसीबी ने एक बयान में कहा, 'बांग्लादेश के बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम भारत के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले सुपर फोर मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि बोर्ड ने उन्हें अपने नवजात बच्चे और परिवार के साथ रहने के लिए छुट्टी बढ़ा दी है।' बीसीबी क्रिकेट संचालन अध्यक्ष मोहम्मद जलाल यूनुस रहीम की अनुपस्थिति पर बीसीबी के बयान के हवाले से कहा गया, 'मुशफिकुर ने हमें सूचित किया है कि उसकी पत्नी अभी भी ठीक हो रही है और उसे इस समय उसके और अपने बच्चों के साथ रहने की जरूरत है।

## अफगानिस्तान ने क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टीम की घोषणा की

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान ने अक्टूबर में भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। 2021 में लिस्ट ए में आखिरी बार खेलने वाले तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक दो साल के अंतराल के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि सीनियर ऑलराउंडर गुलबदीन नायब मौजूदा एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टीम से बाहर हैं। नवीन ने अफगानिस्तान के लिए 7 वनडे मैच खेले हैं और 25.42 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। इस बीच नायब ने पाकिस्तान श्रृंखला में अपनी वनडे वापसी पर चमक बिखेरी और बाद में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट लिए, लेकिन खुद को टीम से बाहर कर दिया। चोट के कारण एशिया कप से बाहर रहने वाले अजमतुल्लाह उमरजई की भी टीम में वापसी हुई है। हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली टीम में एशिया कप में खेलने वाले ग्रुप से चार बदलाव किए गए हैं। नायब के अलावा करीम जनत, शराफुद्दीन अशरफ और सुलेमान सफी भी चूक गए। बाकी टीम एशिया कप के समान हैं, स्पिन विभाग राशिद खान, मोहम्मद नबी और युवा खिलाड़ी मुजीब उर रहमान और नूर अहमद से भरा हुआ है। हालांकि नवीन की टीम में वापसी के साथ अब फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और उमरजई के साथ अफगानिस्तान की गेंदबाजी में गहराई होगी।

**क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए अफगानिस्तान टीम :**
हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, नवीन-उल-हक।

## बोपन्ना ने डेविस कप के लिए किया अभ्यास

**लखनऊ।** अपने करियर का आखिरी डेविस कप मुकाबला खेलने लखनऊ पहुंचे भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बुधवार को यहां अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। अमेरिकी ओपन में पुरुष युगल वर्ग के उप–विजेता 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना मोरक्को के खिलाफ 16 सितंबर से शुरू होने वाले डेविस कप मुकाबले में हिस्सा लेंगे। बोपन्ना दोपहर करीब एक बजे गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम पहुंचे और अभ्यास किया। करीब तीन घंटे चले अभ्यास सत्र में सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद ने भी शिरकत की।

## साल दर साल बेहतर हो रहा है आइएसएल: छेत्री



**बेंगलुरु।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि देश में फुटबॉल की लोकप्रियता में इजाफा करने और भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहे युवाओं को प्रेरित करने में इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) में अब तक उपयोगी साबित हुआ है और लीग का स्तर साल दर साल बेहतर हो रहा है। बेंगलुरु एफसी का नेतृत्व कर रहे छेत्री ने फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार पर प्रकाश डाला और कहा कि यह भारतीय राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करता है। उन्होने इसका उदाहरण संदेश झिंगन का दिया जिन्होंने आइएसएल में खेलकर अपने स्तर में सुधार किया है।

## गोरखपुर ने काशी को 15 रन से हराया

**कानपुर।** सलामी बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (90) और अभिषेक गोस्वामी (64) के बीच 137 रन की शतकीय साझीदारी की बदौलत गोरखपुर लायंस ने यूपी लीग के एक मुकाबले मे बुधवार को काशी रूद्राक्ष को 15 रन से हरा दिया। ग्रीनपार्क स्टेडियम में गोरखपुर लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 198 रन बनाये जिसके जवाब में काशी रूद्राक्ष सात विकेट पर 183 रन ही बना सकी।

# हांगकांग ओपन से लक्ष्य ने लिया नाम वापस

एजेंसी



**हांगकांग।** राष्ट्रमंडल खेल के चैंपियन और इस साल कनाडा ओपन का खिताब जीतने वाले भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने बुधवार को अपने मैच से ठीक पहले बीडब्लूएफ सुपर 500 सीरीज की प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया। एशियाई खेल 2023 की तैयारियों के मद्देनजर एचएस प्रणॉय, किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधु के द्वारा प्रतियोगिता से अपना नाम वापस लेने के बाद लक्ष्य सेन भारत की ओर से खिताब के प्रबल दावेदार थे। प्रतियोगिता में 8वीं वरीयता प्राप्त भारत के लक्ष्य सेन, शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी एचएस प्रणॉय की गैर-मौजूदगी में हांगकांग ओपन 2023 में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थे। वर्तमान बैडमिंटन रैंकिंग में एचएस प्रणॉय सातवें स्थान पर हैं जबकि लक्ष्य सेन दुनिया में 13वें नंबर के शटलर हैं।

# अर्जेंटीना ने बोलीविया को 3-0 से हराया

एजेंसी



**ला पाज (बोलीविया)।** विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने ला पाज के ऊंचाई वाले स्थल पर बने स्टेडियम की विषम परिस्थितियों और स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी के नहीं खेल पाने के बावजूद विश्व कप 2026 के दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग मैच में बोलीविया को 3-0 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। अर्जेंटीना की यह लगातार दूसरी जीत है। उसने पहले हाफ में दो गोल करके अपनी जीत सुनिश्चित कर दी थी। इस बीच बोलीविया के रॉबर्टो फर्नांडीज को 39वें मिनट में लाल कार्ड मिलने से भी अर्जेंटीना का काम आसान हुआ। मेसी थकान के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए। उनकी अनुपस्थिति में अनुभवी एंजेल डि मारिया ने टीम की अगुवाई की। डि मारिया के प्रयास से एंजो फर्नांडीज ने 31वें मिनट में पहला गोल किया। निकोलस टैग्लियाफिको ने 42वें मिनट में दूसरा और निको गोंजालेज ने 83वें मिनट में तीसरा गोल करके अर्जेंटीना की आसान जीत सुनिश्चित की। उरूग्वे के पास अर्जेंटीना की बराबरी करने का मौका था लेकिन उसकी टीम इक्वाडोर से 2-1 से हार गई। इस जीत के बावजूद इक्वाडोर के शून्य अंक हैं क्योंकि कोलंबियाई मूल के डिफेंडर बायरन कैस्टिलो की जन्म संबंधी जानकारी में हेराफेरी के लिए फीफा ने उस पर तीन अंक का जुमार्ना लगाया था। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग के अगले मुकाबले अक्टूबर में खेले जाएंगे।

स्पीड न्यूज

## प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष को सम्मानित किया

**गोड्डा।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन रांची में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कार्यकारी अध्यक्षों की उपस्थिति में सभी जिलों के संगठन सशक्तिकरण अभियान के तेहत संगठन की समिक्षा बैठक की गई,जिसमें गोड्डा जिला कांग्रेस के सम्मानित अध्यक्ष दिनेश यादव भी शामिल हुए।

## ननिहाल पहुंची डिप्टी कलक्टर, हुआ भव्य स्वागत

**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज, गढ़वा के पूर्व उपसचिव मनीष कश्यप की भांजी सुभांगी गुप्ता पिता हरिनारायण गुप्ता, माता संध्या गुप्ता को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में चयनित होकर डिप्टी कलेक्टर बनने पर कसौधन समाज गढ़वा की ओर से गढ़वा (ननिहाल)आगमन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मेलोडी मंडप में आयोजित इस सम्मान समारोह में सुभंगी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप नके की।

## अनुकम्पा पर नियुक्त कर्मचारियों को डीसी ने दिया नियुक्ति पत्र

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के सेवा काल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति करने हेतु पूर्व में आयोजित जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जिला समाहरणालय संवर्ग अंतर्गत वर्ग-03 (निम्न वर्गीय लिपिक) एवं वर्ग-04 (अनुसेवक) के पद पर नियुक्ति हेतु आज दिनांक 13 सितंबर 2023 को उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों में आनंद कुमार पांडे, निम्न वर्गीय लिपिक, अनुरूपा बखला, निम्न वर्गीय लिपिक एवं शिवम कुमार रजक, निम्न वर्गीय लिपिक शामिल हैं। उपायुक्त श्री जमुआर ने सभी नवनियुक्त लिपिकों को शुभकामनाएं दी तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी अनुरूप निष्ठा से करने की बात कहते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उक्त मौके पर स्थापना उप समाहर्ता अरुण उरांव, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार सिंह एवं कर्मी ऋचा कुमारी उपस्थित थी।

## नगर परिषद के प्रशासक के रूप में राहुल यादव ने दिया योगदान

**चक्रधरपुर।** नगर परिषद चक्रधरपुर को लगभग चार साल बाद राहुल यादव के रूप में स्थायी कार्यपालक पदाधिकारी मिला है। निवर्तमान प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रीना हंसदा ने बुधवार को राहुल यादव पदभार सौंपा। पदभार मिलने के साथ ही राहुल यादव ने योगदान दे दिया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चक्रधरपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। कहा कि नियमित रूप से साफ-सफाई के साथ शहर में गुणवत्तापूर्ण विकास के कार्य भी किये जाएंगे।

## जिला क्रिकेट टूनार्मेंट का निबंधन होगा 15 सितंबर से

**दुमका।** जिला क्रिकेट संघ ने क्रिकेट टीम एवं खिलाड़ियों के निबंधन के लिए तारीख की घोषणा बुधवार को की है। संघ सचिव भास्कर अजीत सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2023-24 के लिए 15 सितंबर निबंधन प्रारंभ होगी। निबंधन की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर तक होगी। इसमें सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी एवं क्लब-स्कूल की टीम निबंधन करवा सकती हैं। सचिव श्री सिंह ने जिला के सरकारी,गैर सरकारी शिक्षण संस्थान, स्कूल, क्लब के संचालकों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों का निबंधन कराएं। निबंधित खिलाड़ी ही जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित होने वाली टूनार्मेंट में भाग ले सकेंगे। जेएससीए द्वारा आयोजित होने वाले टूनार्मेंट में जिला के टीम के सदस्य हो सकेंगे। निबंधन के लिए डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति निबंधन प्रपत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। सचिव श्री सिंह ने यह भी जानकारी दी की जिला के वैसे खिलाड़ी जो अन्य जिला से खेलना चाहते हैं।

# बिहार में जल्द बदलेगा मौसम का मिजाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में फिलहाल दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता में कमी आ गई है। इस वजह से वातावरण में नमी बनने के कारण कई जिलों में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है।हालांकि, अगले 02 दिनों तक प्रदेश में कहीं भी तेज बारिश होने की संभावना नहीं जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार से मानसून की गतिविधि में वृद्धि हो सकती है। इस वजह से उत्तर बिहार की तुलना में दक्षिण बिहार में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना जताई गई है।वहीं, इस दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में 02 से 04 डिग्री तक की वृद्धि होगी। इस कारण से लोगों को उमस भरी गर्मी परेशान करेगी। अभी मानसून ट्रफ रेखा जैसलमेर, कोटा, गुना, सागर, बालासोर होते हुए उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक प्रभावी है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मानसून थोड़ा कमजोर रहेगा। वहीं, कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है।

# ड्रीम वेडिंग के लिए है सुंदर डेस्टिनेशन की तलाश

खबर मन्त्र संवाददाता

### अब गंगा के बीचों बीच कर सकते हैं शादी



**पटना।** अगर आप अपनी शादी के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन ढूंढ़ रहे हैं या फिर गंगा की लहरों के बीच खूबसूरत पलों को यादगार बनाना चाहते हैं, तो आपके लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लेकर आ गया है बेस्ट डेस्टिनेशन। यह डेस्टिनेशन है पटना में गंगा नदी के बीचों बीच रो पैक्स वेसल. रो पैक्स वेसल 300 लोगों की क्षमता वाला एक बड़ा और ओपन जहाज है। पूरे जहाज को बुक करने के अलावा प्रतिदिन इस जहाज पर बैठ गंगा की सैर भी कर सकते हैं। एमवी परमहंस नाम का यह क्रूज गंगा में उतर गया है। किसी भी पार्टी या रोजाना सैर करने के लिए भी इस क्रूज की बुकिंग शुरू हो गई है। कोई भी समारोह या पार्टी के लिए एडवांस बुकिंग की भी व्यवस्था है। यह जहाज पर्यटकों को गंगा की सैर करवाने के लिए जेपी सेतु पर्यटन घाट पर इंतजार कर रहा है। एमवी स्वामी परमहंस नाम का यह रो पैक्स वेसल पटना के मरीन ड्राइव के नजदीक पर्यटन घाट से पर्यटकों को गंगा की सैर के लिए पूरी तरह से तैयार है। जहाज पर ही लोगों को टिकट भी मिल रहा है। इसके लिए 300 रुपए प्रति व्यक्ति किराया रखा गया है। इस किराए में लोग दीघा घाट, मीनार घाट, शिवाजी घाट, रामजी चक घाट, बाटा घाट होते हुए नासरीगंज घाट तक और फिर वहां से वापस इसी पर्यटन घाट तक की सैर कर सकते हैं। यह सफर कुल 45 मिनट का होगा। इसके साथ ही इस सफर के दौरान खाने-पीने में स्नैक्स और पानी के साथ कोल्डड्रिंक की भी व्यवस्था रहेगी। यह एक ओपन जहाज है, तो सफर के दौरान आप मनमोहक फोटो भी खींच सकते हैं। लेकिन इसके लिए एक खास शर्त रखी गई है। यह जहाज पर्यटन घाट से तभी खुलेगी जब कम से कम 50 लोगों के द्वारा टिकट बुक किया जाएगा. इससे कम होने पर टिकट का रुपया लौटा दिया जाएगा।

### शादी के लिए करें बुक

अगर आप चाहें तो इस जहाज पर शादी, सगाई, बर्थडे, सालगिरह समेत कोई भी पार्टी फंक्शन के लिए पूरे जहाज को बुक कर सकते हैं। इसके लिए आपको टाईमिंग के हिसाब से किराया देना होगा। अगर आप 1 घंटे के लिए इस जलयान को बुक करना चाहते हैं, तो आपको जीएसटी सहित 30 हजार रुपए देने होंगे। इसी प्रकार 2 घंटे के लिए 50 हजार, 3 घंटे के लिए 75 हजार, 4 घंटा के लिए 1 लाख, 6 घंटा के लिए एक लाख पच्चीस हजार और 8 घंटा के लिए डेढ़ लाख रुपए देने होंगे। अधिकतम 200 लोगों के लिए बुकिंग होगी। पूरे जलयान की बुकिंग एडवांस चल रही है, तो वहीं रोजाना सफर करने के लिए सुबह 10 से लेकर शाम 6 बजे तक बुकिंग चल रही है।

# सरकार राज्य में पेसा कानून लागू करें : लोबिन हेंब्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के गोपीकांदर प्रखंड के दुगार्पुर फुटबॉल मैदान में झारखंड बचाव मोर्चा के बैनर तले बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने मंगलवार को जनसभा को सम्बोधित किया। जनसभा को सम्बोधित करने से पूर्व झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम कारूडीह मोड़ पहुँचे। जहां कार्यकताओं ने पुष्पमाल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। जिसके बाद लोबिन हेम्ब्रम गुम्मामोड़ पहुँचे। जहां सिदो-कान्हू के प्रतिमा को माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यकताओं ने गुम्मामोड़ से लोबिन हेम्ब्रम को पालकी में बैठा दुगार्पुर जनसभा स्थल पहुँचे। जनसभा स्थल में लोबिन हेम्ब्रम को 10 किलोग्राम का माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने अपने ही हेमंत सरकार को सवालों के कटघरे में रख दिया। उन्होंने 2019 में चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन द्वारा जनता से किए गए वादा को याद दिलाया। लोबिन हेम्ब्रम ने पेसा एक्ट राज्य सरकार को लागू करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यदि झारखंड में पेशा कानून लागू हो जाता है तो अबुवा आतु में अबुवा राज होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार रोजगर, नौकरी, स्थानीयता जैसे कई वादे किये लेकिन पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी विरोधी नहीं हूं, मैं सरकार विरोधी नहीं हूं, मैं हेमंत सोरेन द्वारा किये गए वादे को याद दिला रहा हूं। उन्होंने कहा कि उन्होंने मजबूरी में गैर राजनीतिक संगठन बनाया। जिसका नाम झारखंड बचाओ मोर्चा रखा। यदि झामुमो अपनी चुनावी वादों को पूरा कर लेती तो मुझे संगठन बनाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि राज्य में बीजेपी छोड़कर कॉग्रेस, आरजेडी या झामुमो किसी भी पार्टी जीते राज्य का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होगा क्या दूसरा नेता मुख्यमंत्री बनने के लिए नहीं है। उन्होंने हेमंत सोरेन को अपनी चुनावी वादा पूरा करने की हिदायत दी नहीं तो 2024 में उनका घमंड तोड़ने की बात कही। उन्होंने स्थानीय सांसद और विधायक से भी सवाल पूछ डाले। उन्होंने स्थानीय विधायक और सांसद को 2024 में अयाना दिखाने की बात जनसभा में कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने कहा था कि कम्पनी में 75 प्रतिशत स्थानियों नौकरी मिलेगी, लेकिन नहीं मिली। उन्होंने कहा कि सरकार से उन सभी कम्पनी में कार्यरत स्थानीयों की सूची मांगी, जो कार्य कर रहे, लेकिन सरकार नहीं दे पाई। गोपीकांदर प्रखंड से सबसे ज्यादा पलायन होता है। इससे सरकार के नाकामी सीधे दिख रही है। गोपीकांदर के कोल प्रभावित गांव में नवेली उत्तरप्रदेश पावर प्रॉजेक्ट कंपनी ने तीन गांव में नया कार्य को बंद करने का आदेश जारी किया है। सरकार इसपर ध्यान नहीं दे रही है।

### सुंदर झारखंड को बर्बाद कर दिया सोरेन परिवार ने

# हेमंत सोरेन आदिवासी होकर भी आदिवासियों की भलाई नहीं चाहते : सुनील



खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के परिवार पर तीखा निशान साधा है। मंगलवार को शिकारीपाड़ा प्रखंड में आयोजित मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि हमारे सुंदर झारखंड राज्य को इस सोरेन परिवार ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार जनता के लिए कुछ करने वाली नहीं है।

यहां पर लूट खसोट का माहौल है। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है। ब्लॉक से लेकर थाना या अन्य सभी सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार का आलम है। इस सिस्टम में लोगों का शोषण हो रहा है। खास तौर पर आदिवासी शोषित हो रहे हैं। भले ही हेमंत सोरेन आदिवासी समाज से आते हैं पर वे कभी आदिवासियों का भला नहीं चाहते। सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि आज हेमंत सोरेन ईडी के सामने उपस्थित नहीं होना चाहते। ऐसे में उन पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। क्योंकि कानून से बड़ा कोई नहीं। चाहे वह फोर्थ ग्रेड स्टाफ हो या फिर मुख्यमंत्री। सभी को कानून के दायरे में आना होगा। कानून के अनुसार चलना होगा। इधर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सुनील सोरेन ने शिकारीपाड़ा प्रखंड के कई गांव का दौरा किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, स्थानीय जिला परिषद सदस्य अविनाश सोरेन, मुन्ना सिंह, दिलीप सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामनारायण भगत, तस्लीम अंसारी,प्रियरंजन गुप्ता समेत शिकारीपाड़ा पूर्वी - पश्चिमी क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष भी मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक ने ललमटिया थाना का वार्षिक निरीक्षण किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक, गोड्डा के द्वारा ललमटिया थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जिसमें संबंधित पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी तथा पुलिस पदाधिकारी को निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गया। लंबित कांडों का समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। लंबित वारंट एवं कुर्की का निष्पादन अविलंब करेंगे। साथ ही फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया। निरीक्षण से संबंधित सभी पंजियो का अवलोकन कर उसमें पाए गए कमियों का निराकरण/ प्रविष्टि हेतु निर्देश दिया गया।आम नागरिकों के द्वारा प्राप्त शिकायत पत्रों का अविलंब निष्पादित करेंगे। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखते हुए विधि सम्मत कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

# भू- अर्जन की समीक्षा व दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज दिनांक 13.09.2023 को उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त महोदय गोड्डा श्री जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला भू - अर्जन विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में महोदय के द्वारा भू- अर्जन से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन, भूमि की विवरणी, कुल परियोजना, भू -अर्जन पूर्ण परियोजना, भुगतान की जा रही परियोजना, सहित अन्य बिंदुओं पर विचार -विमर्श कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उक्त बैठक के दौरान भू-अर्जन से संबंधित प्राप्त अधियाचना के आलोक में प्रगति कार्यों की बिदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में भूमि अधिग्रहण, भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र व राशि उपलब्धता आदि भू-अर्जन से संबंधित मामलों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उक्त बैठक के दौरान महोदय के द्वारा एनएचएआई के अधिकारियों के साथ जीम लैंड ट्रांसफर के संबंध में विचार विमर्श कर जीएम लैंड के जीआईएस टैगिंग की जानकारी ली गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा जेसी विनीता केरकट्टा, अनुमंडल पदाधिकारी, महागामा सौरव कुमार भुवानियां, जिला भू- अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा रितेश जयसवाल, एनएच के अधिकारी सहित भू- अर्जन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

# अवैध संबंध के शक में देवर ने भाभी को गंडासा से काटा, मौत, आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मझियांव थाना अंतर्गत अधौरा गांव के चाका टोला निवासी अभिनंदन राम ने अपनी भाभी अनीता कुंवर की गंडासा से काटकर हत्या कर दी। आरोपी देवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। देवर ने अवैध संबंध के शक में भाभी की हत्या की। एसपी दिपक कुमार पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि गत 11 सितम्बर की शाम करीब



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी

5 बजे ग्राम अधौरा, टोला चाका निवासी अभिनंदन राम ने अपनी भाभी अनिता कुंवर (पति हरीनन्दन राम) की गंडासा से गले पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अनिता की गढ़वा के सदर अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। अभिनंदन को अपनी भाभी पर अवैध संबंध का शक था। इस घटना के संबंध में पुलिस ने मृतका के भाई संजय राम के बयान पर मझिआंव थाना में मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ अवध कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अभियुक्त अभिनंदन को पलामू जिला अंतर्गत पाटन थाना क्षेत्र के मोतिया खाला गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त ने अपनी स्वीकारोक्ति बयान में घटना को स्वीकार किया है। उसके निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त गंडासा बरामद कर लिया है। छापामारी दल में एसडीपीओ सहित थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित, रंजीत कुमार, विकास कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

एक नजर में

## ग्रीन पार्क स्टेडियम में फुटबॉल टूर्नामेंट 15 को

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत तमाय पंचायत के ग्रीन पार्क स्टेडियम में नॉन स्टॉप टाइगर्स क्लब द्वारा शुक्रवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष गजाधर राणा ने बताया कि खेल में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख अंजू देवी उद्घाटनकर्ता, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य निर्मला देवी, जयनगर पश्चिम जिप सदस्य महादेव राम, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सुरेश यादव,रामदेव राणा आदि जनप्रतिनिधि व समाजसेवी शामिल होंगे।

## जीवन को बेहतर बनाने में डिजिटल साक्षरता महत्वपूर्ण : मदन केशरी

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में डिजिटल का ज्ञान हम समस्त लोगों के लिए अनिवार्य हो गया है। डिजिटल साक्षरता शब्द एक अवधारणा है। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने हमें मोबाइल और कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक संसाधन बनाने में सक्षम बनाया है। उन्हीं संसाधनों का पूरी तरह से उपयोग करने की क्षमता डिजिटल साक्षरता है। इस समय हम लगातार डिजिटल इंडिया की अवधारणा सुन रहे हैं। हर आवश्यक वस्तु और सेवा ऑनलाइन उपलब्ध है। इसी तरह ऑनलाइन शिक्षा और सोशल मीडिया के स्तर पर मोबाइल या कंप्यूटर का ठीक से उपयोग करने में सक्षम होना एक आवश्यकता बन गई है। अभी हर नागरिक इंटरनेट की दुनिया से जुड़ रहा है। इसके लिए एक निश्चित, कंप्यूटर भाषा और कुछ तकनीकी मुद्दों और अवधारणाओं की आवश्यकता होती है, जिसके बिना आपके लिए आसानी से डिजिटल रूप से साक्षर बनना असंभव है। वर्तमान में स्कूली बच्चे और युवा पीढ़ी शिक्षा और अन्य सुविधा का काम ऑनलाइन कर रहे हैं। उनके लिए डिजिटल रूप से साक्षर बनना बहुत आसान है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, उदय प्रकाश, संजीव कुमार, मुकेश कुमार भारती, आलोक सिन्हा, नीरा शर्मा, सुनिता कुमारी, नरेन्द्र सिन्हा, रिजवाना शाहिन, सरिता दूबे, निलम कुमारी, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## सेवा की सार्थकता: सहेली बहनें करेंगी रक्तदान

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की बैठक जायन्ट्स सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी के निवास स्थान पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जायन्ट्स सहेली की अध्यक्ष रितु जायसवाल ने की। बैठक में जायन्ट्स सेवा सप्ताह के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रम तय किए गए। ज्ञातव्य है कि जायन्ट्स इंटरनेशनल की स्थापना 17 सितंबर 1972 को पद्मश्री नाना चुडास्मा के द्वारा मुंबई में की गई थी। तब से हर साल 17 सितंबर को स्थापना दिवस मनाया जाता है और उसी दिन से जायन्ट्स सेवा सप्ताह कार्यक्रम किया जाता है। जिसके तहत जरूरतमंदो एवं पीड़ित मानवता की सेवा की जाती है। जायन्ट्स सहेली ने इस वर्ष निर्णय लिया है कि शनिवार को शनि मंदिर चौधरना बाजार में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वही अन्य कार्यक्रमों में गढ़वा सदर अस्पताल में मरीजो के बीच फल, ब्रेड, बिस्कुट का वितरण किया जाएगा, गढ़वा ब्लड बैंक में रक्तदान कार्यक्रम रखा गया है।

## प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के खेलो झारखंड 2023-24 के तहत मंगलवार को केतार के लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय,ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी, बीपीएम रवि कुमार वैद ने दीप प्रज्वलित कर की।

## पेज 1 का शेष

### रांची की छात्रा रिचा सिन्हा ने...

रूममेट ने उसे फंदे से झूलता देखा तो उसने शोर मचाया और दूसरे स्टूडेंट्स को जानकारी दी। शोर मचाने पर स्टूडेंट और हॉस्टल के दूसरा स्टाफ रूम में पहुंचे और रिचा को निजी हॉस्पिटल ले गये, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। रिचा की रूममेट आयशा ने बताया कि वह अपने पिता से बालकनी में बात कर रही थी, तभी रिचा ने बालकनी का गेट लगा दिया, और फंदे लटक गयी। इसे देख कर वह शोर मचाने लगी और लोगों को बुलाया। होस्टल की वार्डन अर्चना ने बताया कि एक महीने पहले बच्ची के पिता से बात हुई थी। तब कॉल कर उन्हें बेटी से आकर मिलने का कहा था। इस पर उन्होंने बताया था कि वे कुछ ही दिनों में आयेंगे, लेकिन आये नहीं। इधर, दो दिन से रिचा की तबीयत भी ठीक नहीं थी। उसे जुकाम और बुखार था। मंगलवार सुबह जब वह खाना खाने मेस में आयी तो सुबह मेडिसिन दी थी, लेकिन शाम को उसने रूम में ही खाना मंगवाया।

### सीटों पर फैसला नहीं...

पहली संयुक्त सार्वजनिक रैली अक्टूबर के पहले सप्ताह में महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भोपाल में होगी। समन्वय समिति ने सीटों का बंटवारा तय करने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। सदस्य दल बातचीत कर जल्द से जल्द निर्णय लेंगे। अक्टूबर के पहले सप्ताह में भोपाल से संयुक्त जनसभाएं शुरू करेगा। उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन जाति जनगणना के मुद्दे को उठाने के लिए सहमत हो गया है। **बैठक में ये नेता थे शामिल :** बैठक में शरद पवार के अलावा, समन्वय समिति के केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस), टीआर बालू (द्रमुक), हेमंत सोरेन (झामुमो), संजय राउत (शिवसेना-यूबीटी), तेजस्वी यादव (राजद), राघव चड्ढा (आप), जावेद अली खान (सपा), ललन सिंह (जदयू), डी राजा (भाकपा), उमर अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस), महबूबा मुफ्ती (पीडीपी) और माकपा के एक नेता शामिल थे। कांग्रेस नेता गुरदीप सप्पल भी इस बैठक में मौजूद रहे।

### इडी का गवाह विजय हांसदा...

पंकज मिश्रा ने कभी मेरे साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया है और न ही मुझे डराया है। साथ ही कहा कि उसने इडी के समक्ष दिये बयान में ऐसा नहीं कहा है कि उसे धमकी मिली है। अब मामले में 14 सितम्बर को फिर विजय हांसदा का बयान दर्ज किया जायेगा। सुनवाई के दौरान इस केस के आरोपित बच्चू यादव भी कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित थे। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार कोर्ट में उपस्थित रहे। बच्चू यादव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार, सुधीर कुमार और पंकज मिश्र की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद थे। प्रेम प्रकाश की तरफ से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व मंगलवार को भी ईडी का गवाह विजय कोर्ट में बयान देने के वक्त मुकर गया था।

### विशेष सत्र से पहले 17 को...

एजेंडे की जानकारी किसी को नहीं : कांग्रेस- विशेष सत्र के एजेंडों को लेकर अभी तक कोई भी जानकारी न होने को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर सवाल खड़ा किया। जयराम रमेश ने कहा कि एक शख्स को छोड़कर किसी को भी संसद के एजेंडे के बारे में जानकारी नहीं है। पहले जब भी कभी विशेष सत्र बुलाया गया है, उसके एजेंडे की जानकारी सबको होती थी। टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि ऐसे में जबकि संसद के विशेष सत्र होने से में बहुत समय बचे हैं, किसी को भी कोई जानकारी नहीं है कि हमलोग वहां पर किन विषयों पर चर्चा करेंगे। विपक्षी दल जानना चाहते हैं कि मोदी सरकार ने किस उद्देश्य से यह सत्र बुलाया है। वहीं यह कयास भी है कि सरकार इस सत्र के दौरान एक देश एक चुनाव बिल ला सकती है। विपक्षी दलों का कहना है कि यह देशहित में नहीं है।

